शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 06, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 01 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# संसद की नई परंपरा: सेंगोल के साथ सदन में आईं राष्ट्रपति मुर्मू

## हथरोई की धुन से स्वागत, जय श्रीराम के लगे नारे

**नई दिल्ली**

संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो गया। इसके साथ ही संसद भवन में नई परंपरा भी शुरू की गई है। दरअसल, पहली बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजदंड 'सेंगोल' के साथ संसद भवन में प्रवेश किया। इस दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू छह घोड़ों की बग्गी में सवार होकर अपने अंगरक्षकों के साथ संसद भवन पहुंचीं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओमर बिरला ने संसद भवन के गज द्वार पर उनका स्वागत किया। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा पहने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी राजीव शर्मा ने सेंगोल का नेतृत्व किया। उनके साथ सभी लोकसभा कक्ष की ओर बढ़े। सदन में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य बैठे हुए थे। राष्ट्रपति ने जैसे ही सदन में प्रवेश किया, संगीतकारों के एक समूह ने 'हथरोई' की धुन





बजाई। राष्ट्रपति ने 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम', 'जय सिया राम' और 'जय जगन्नाथ' के नारों के बीच चैंबर में अपनी सीट ग्रहण की। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सेंगोल को उनकी मेज के सामने रखा गया था। इसे बाद में लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के बगल में स्थापित किया गया। इस दौरान ब्राजील, मिस्त्र, मालदीव और नेपाल के राजदूत और ब्रिटेन के उच्चायुक्त सहित 58 राजनयिक मौजूद थे। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की मौजूदगी इसलिए कम नजर आ रही है, क्योंकि लोकसभा कक्ष 888 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला है। इसलिए, सीटें खाली नजर आ रही हैं। राष्ट्रपति के 75 मिनट के अभिभाषण के दौरान सदस्यों ने लगातार तालियां बजाईं और मेजें थपथपाईं। सबसे जोरदार तालियां तब बजीं, जब राष्ट्रपति ने महिला आरक्षण विधेयक पारित होने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सदियों के इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला अब भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। इसके बाद लोकसभा कक्ष जय श्री राम और जय सिया राम के नारों से गूंज उठा।

राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रसिद्ध उड़िया कवि उत्कलमणि गोपालबंधु दास की कविताओं का भी जिक्र किया। सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने नियमित अंतर पर उनकी सराहना की। जबकि, विपक्षी सदस्यों ने चुपचाप अभिभाषण सुना।

हालांकि, कांग्रेस सदस्य टीएन प्रतापन ने मणिपुर हिंसा का जिक्र किया। पहली पंक्ति में कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, संसद में कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आदि बैठे थे।

## सीट शेयरिंग पर कांग्रेस-तृणमूल की बातचीत रुकी

**कोलकाता**

लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा है कि 28 विपक्षी दलों के गठबंधन- इंडिया में शामिल तृणमूल कांग्रेस और सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत रोक दी गई है। तृणमूल कांग्रेस के इंडिया से बाहर निकलने की अटकलों पर कांग्रेस ने खारिज किया है। कांग्रेस का कहना है कि विपक्षी दलों के गठबंधन में तृणमूल अभी भी बनी हुई है। पार्टी ने गठबंधन से बाहर निकलने की पुष्टि नहीं की है। दोनों पक्ष पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीटों को शेयर करने के फॉमूर्ले पर मंथन कर रहे हैं।

**टकराव की शुरूआत, रास्ते अलग होने की कयासबाजी:** बता दें कि कांग्रेस सूत्रों का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि लगभग हफ्ते भर पहले तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया था। हालांकि, ममता ने गठबंधन से बाहर निकलने के संबंध में कोई बयान नहीं दिया था। ममता के बयान के बाद पश्चिम बंगाल कांग्रेस चीफ अधीर रंजन चौधरी ने भी आक्रामक तेवर दिखाते हुए कहा था कि कांग्रेस को किसी सहारे की जरूरत नहीं है। ऐसे बयानों के बाद कयास लगाए जाने लगे थे कि गठबंधन में शामिल ळटउ कांग्रेस की मांग नहीं मानेगी। इस कारण दोनों दलों के बीच समझौते की कोई गुंजाइश बाकी नहीं है।

## बिना पुरुषों के 50 मुस्लिम महिलाएं करेंगी हज यात्रा,

**नई दिल्ली**

इस वर्ष 50 मुस्लिम महिलाएं बिना पुरुष सहयोगियों (मेहरम) के हज यात्रा करेंगी। इस बार अकेले हज यात्रा पर जाने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। पिछले वर्ष यह संख्या 39 ही थी। अंतिम सूची आने तक बिना मेहरम हज यात्रा करने वाली महिलाओं की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है। इसे मुस्लिम महिलाओं की सामाजिक मजबूती की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। दिल्ली स्टेट हज कमिटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ने कहा कि इस वर्ष हज यात्रा के लिए डिजिटल रैंडम सिलेक्शन द्वारा यात्रियों का चयन किया गया है। दिल्ली से 3022 हज प्रार्थियों का चयन किया गया है। उन्होंने इस अवसर पर हज यात्रा के लिए चयनित सभी लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली हज कमिटी यात्रियों को गत वर्षों की भांति सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वचनबद्ध है।

## 'जातीय गणना पर झूठा क्रेडिट ले रहे राहुल गांधी'

**पटना**

एनडीए के साथ मिलकर सरकार बनाने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कांग्रेस के वरीय नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। पटना में मीडिया ने उसे पूछा कि बिहार में जाति जनगणना का श्रेय राहुल गांधी ले रहे हैं, इस सवाल पर सीएम नीतीश कुमार तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इससे बढ़कर कोई फालतू बात ही नहीं है। जाति आधारित गणना कब हुआ? आप भूल गए। मैंने नौ पार्टियों की मौजूदगी में जाति गणना करवाया। 2019 और 2020 में विधानसभा से लेकर सार्वजनिक



बैठकों तक हर जगह जाति जनगणना कराने की बात कहता रहता था। इसके बाद 2021 में मैं प्रधानमंत्री से भी मिलने गया।

नीतीश कुमार ने स्पष्ट कहा कि सभी दलों की सहमति से मैंने जाति गणना करवाया। उस समय विपक्ष दूसरे तरफ थे, उनलोगों को भी मैंने कहा। मैं तो उन्हें ले भी गया था। क्या होना चाहिए यह आपलोग अच्छी तरह जानते हैं। कितने लोग किस काम को कैसे करेंगे, यह तो मैंने करवाया। कितना काम किया है मैंने यह तो सब लोग जान ही रहे हैं।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान टला बड़ा हादसा

### राहुल की कार का शीशा टूटा, बाल-बाल बचे कांग्रेस सांसद

**कोलकाता**


**बंगाल में कांग्रेस की भारत जोड़ो** यात्रा के दौरान राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। बुधवार को कटिहार में राहुल ने लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान अचानक ही भगदड़ मच गई, जिससे राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। इस हादसे में कांग्रेस नेता बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने राहुल गांधी की गाड़ी पर पथराव होने का दावा किया था। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'शायद भीड़ में किसी ने पीछे से पत्थरबाजी की। पुलिस



बल इसकी जांच कर रही है। नजरअंदाज करने से बहुत कुछ हो सकता है। यह एक छोटी घटना है, लेकिन इसमें कुछ भी हो सकता था।'

**कैसे हुआ हादसा:** हालांकि, बाद में कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि अचानक ब्रेक लगाने से सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का शीशा टूट गया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए बताया, 'पश्चिम बंगाल के मालदा में राहुल जी से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल जी से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाई गई। तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का शीशा टूट गया। जननायक राहुल गांधी जी जनता पर हो रहे अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं।' कांग्रेस ने आगे कहा कि जनता राहुल के साथ है, जनता उनको सुरक्षित रखे है। हालांकि, इस हादसे के बाद राहुल की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें कार ने बाहर निकालकर बस में बैठाया गया।

## मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया



**शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंक ने राज्य में उपलब्ध संसाधनों और बैंकिंग ढांचे के आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 34490 करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता योजना तैयार की है जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर-2024-25 भी जारी किया।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने लोगों के सामजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन कवर मिशन, मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा, मुख्यमंत्री विद्यार्थी योजना व स्टार्टअप इत्यादि अनेक कल्याण योजनाएं आरम्भ की हैं। उन्होंने बैंको से आग्रह किया कि इन योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए ऋ ण देने में अपना सक्रिय सहयोग दें ताकि किसान, बागवान तथा युवा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र ऋ ण प्रवाह पर जारी किए गए निदेर्शों के अन्तर्गत प्रदेश का कोई भी जिला क्रेडिट की कमी जिलों की श्रेणी में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि इन जिलों में ऋ ण प्रवाह सामान्य है परन्तु प्रदेश का ऋण व जमा अनुपात 36:39 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, ऊना, लाहौल-स्पीति व चम्बा में ऋ ण व जमा अनुपात लगातार 40 प्रतिशत से कम है जोकि चिंता का विषय है।

## अगले दो दिन तक पहाड़ों पर बिछेगी बर्फ की चादर

**नई दिल्ली**

उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कोहरे के बीच अब पहाड़ी इलाकों पर दो दिन जमकर बर्फबारी होगी। मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार और गुरुवार को सबसे ज्यादा बर्फबारी का अनुमान है। हालांकि शुक्रवार को पहाड़ी इलाकों पर मौसम तो साफ रहेगा, लेकिन शनिवार और रविवार को एक बार फिर से जमकर बर्फबारी हो सकती है। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक पहाड़ों पर



गिरने वाली बर्फ से मैदानी इलाकों में फरवरी के दूसरे सप्ताह की शुरूआत तक जमकर ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग की मानें तो रविवार तक पहाड़ों पर तकरीबन छह हजार फीट की ऊंचाई वाले शहरों में भी खूब बर्फबारी हो सकती है। उत्तर पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में बने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता का असर दिखना शुरू हो गया है। मौसम विभाग के महानिदेशालय की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक देश के सभी पहाड़ी इलाकों में अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। न सिर्फ हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड बल्कि नॉर्थ ईस्ट के उच्च हिमालय क्षेत्र भी शामिल है। विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक मंगलवार को तो हिमाचल और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में बर्फबारी हुई है। लेकिन बुधवार और गुरुवार को भी इन इलाकों में भारी बर्फबारी का अनुमान लगाया जा रहा है।

## 'मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र का विरोध, महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ हाईकोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली**

महाराष्ट्र में मराठा आरक्षण की मांग कर रहे कार्यकर्ता मनोज जारांगे की अगुवाई में आंदोलन हो रहा है। बीते करीब सात महीने से आंदोलन के बीच बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका (पीआईएल ) दायर हुई है। दरअसल, सामाजिक कार्यकर्ता मनोज जारांगे-पाटिल सभी मराठों के लिए कुनबी प्रमाण पत्र की मांग कर रहे हैं।

ताजा घटनाक्रम में मराठों को कुनबी जाति प्रमाण पत्र देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले के खिलाफ पीआईएल दायर कर इस फैसले को निरस्त करने की मांग की गई है। मामले में छह फरवरी को सुनवाई हो सकती है।

**कुनबी को लाभ से ओबीसी आरक्षण प्रभावित होने का दावा:** रिपोर्ट के मुताबिक 30 जनवरी को 'ओबीसी वेलफेयर फाउंडेशन' के अध्यक्ष ने जनहित याचिका दायर की। याचिकाकर्ता मंगेश ससाने खुद को 'ओबीसी वेलफेयर फाउंडेशन' का प्रमुख बताते हैं।

## .तो 400 नक्सलियों को तबाह करने में सक्षम थे कोबरा कमांडो

**सुकमा**

छत्तीसगढ़ में मंगलवार को सुकमा और बीजापुर जिले की सीमा पर स्थित टेकलगुड़ेम में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच एक बड़ी मुठभेड़ हुई थी। इसमें सीआरपीएफ के तीन जवानों की शहादत हुई है, जबकि 15 जवान और अधिकारी घायल हुए हैं। खास बात है कि सीआरपीएफ कोबरा (201 बटालियन) के जांबाज कमांडो ने आमने-सामने की लड़ाई में घातक हथियारों से लैस करीब चार सौ नक्सलियों को खदेड़ दिया था। सूत्रों का कहना है कि अगर इस मुठभेड़ के दौरान सीआरपीएफ के पास हेलीकॉप्टर होता, तो कोबरा कमांडो, 400 नक्सलियों की पूरी बटालियन को तबाह कर सकते थे। ड्रोन से मिली तस्वीरों में करीब आठ से दस नक्सलियों की डेड बॉडी देखी गई हैं। डीसी लखवीर और एसी राजेश पांचाल, जो इस मुठभेड़ में घायल हुए हैं, उनकी टीम के



जांबाज कमांडो, संख्या में थोड़े होने के बावजूद उस वक्त तक मौके पर डटे रहे, जब तक सभी नक्सली खदेड़ नहीं दिए गए।

**शाह ने दिया है तीन साल का टारगेट:** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ कोबरा द्वारा लगातार नए कैंप स्थापित किए जा रहे हैं। इस वजह से नक्सली बौखला उठे हैं। वे एंबुश और आईईडी हमलों के जरिए सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि तीन साल में नक्सल की समस्या को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। इसके बाद तेजी से नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों के कैंप स्थापित हो रहे हैं। सीआरपीएफ कोबरा और छत्तीसगढ़ पुलिस की डीआरजी इकाई, नक्सलियों को उनके ठिकाने पर जाकर उन्हें खदेड़ रही है। टेकलगुड़ेम में भी नया कैंप स्थापित किया गया है। इस कैंप की सुरक्षा के लिए जूनागुड़ा-अलीगुड़ा इलाके में जवानों की एक टीम गश्त पर निकली थी। जंगल में छिपे बैठे नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने की रणनीति बनाई थी।

**नक्सलियों ने 100 से ज्यादा बीजीएल दागे:**

सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सलियों ने भारी फायरिंग के अलावा 100 से ज्यादा बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल) दागे थे। चार घंटे तक चली मुठभेड़ में करीब चार सौ नक्सली शामिल थे। नक्सलियों की रणनीति थी कि सुरक्षा बलों की टीम को चारों तरफ से घेर कर उन पर फायरिंग की जाए। इसके लिए उन्होंने, भारी संख्या में बैरल ग्रेनेड लॉन्चर का इस्तेमाल किया। नक्सलियों ने जवानों को दोतरफा घेर कर उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। सुरक्षा बलों पर फायरिंग के बाद नक्सली उन पर आईईडी हमला करना चाह रहे थे। इसके लिए उन्होंने कई जगहों पर आईईडी दबा रखी थी। आमने सामने की लड़ाई में कोबरा कमांडो ने जबरदस्त तरीके से नक्सलियों का मुकाबला कर उन्हें खदेड़ा। तीन जवानों की शहादत और 15 जवानों के घायल होने के बाद भी कमांडो ने मोर्चा नहीं छोड़ा। कोबरा 201 की टीम अपनी जगह पर डटी रही। नक्सलियों द्वारा पूरी प्लानिंग से किए गए हमले को कोबरा जवानों ने नाकाम किया।

# हाईकोर्ट ने कहा : एनसीआर दर्ज है तो भी पासपोर्ट जारी या नवीनीकरण में न करें देरी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आपराधिक केस के कारण लंबित पासपोर्ट के मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने पासपोर्ट प्राधिकारी को आदेश दिया है कि जिन आवेदकों के खिलाफ एनसीआर दर्ज हैं, अविलंब उनके पासपोर्ट जारी या नवीनीकृत किए जाएं। कहा है कि इन लोगों को संबंधित अदालत से विदेश जाने की अनुमति नहीं लेनी होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति एसडी सिंह तथा न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ल की खंडपीठ ने पवन कुमार राजभर व अन्य सहित दर्जनों याचिकाओं को निस्तारित करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा है कि जिन आवेदकों के खिलाफ एफआईआर की विवेचना या ट्रायल जारी है, रीजनल पासपोर्ट आफिस से पुलिस रिपोर्ट की सूचना मिलते ही उन्हें संबंधित अदालत से अनुमति लेनी होगी। अनुमति मिलने के एक हफ्ते के भीतर उनका पासपोर्ट जारी या नवीनीकृत कर दिया जाएगा।

कोर्ट ने सभी आवेदकों, जिनकी अर्जी विचाराधीन है। दो माह का समय दिया है कि वे दो हफ्ते में संबंधित अदालत से अनुमति लेकर रीजनल पासपोर्ट आफिस को दे दें ताकि यथाशीघ्र उनका पासपोर्ट जारी या नवीनीकृत किया जा सके। सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विदेश जाने की



अनुमति के आवेदनों को अधिकतम चार हफ्ते में तय करें। अतिआवश्यक होने पर यथाशीघ्र तय करें।

याचिका पर अधिवक्ता चंद्रकांत त्रिपाठी सहित कई अधिवक्ताओं ने बहस की। भारत सरकार की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजीआई) शशि प्रकाश सिंह व प्रदेश सरकार की तरफ से शासकीय अधिवक्ता एके संड ने कोर्ट को सहयोग किया। कोर्ट ने पासपोर्ट जारी करने या नवीनीकरण अर्जी तय करने में देरी को लेकर दाखिल याचिकाओं पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी, जो उपलब्ध नहीं कराई जा सकी।

कोर्ट ने कहा पासपोर्ट प्राधिकारी न्यायिक विवेक का इस्तेमाल करें तो समयबद्ध तरीके से अर्जियां निस्तारित की जा सकती है। ऐसा न करने के कारण हाईकोर्ट में भारी संख्या में याचिकाएं आ रही है। निदेशों के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा। ई-गवर्नेंस नीति के तहत यदि कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, कार्यकुशलता से ऐसी अर्जियां समय से तय की जा सकती है।

**संबंधित अदालत को अनुमति देने का अधिकार**

कोर्ट ने कहा है कि जिस अदालत के अधिकार क्षेत्र में विवेचना या ट्रायल चल रहा है, उसी अदालत को अभियुक्त की विदेश जाने की अनुमति की अर्जी तय करने का अधिकार है। अदालत को शर्तें तय करने का भी अधिकार है। एएसजीआई ने स्वयं ही आश्वस्त किया कि रीजनल पासपोर्ट अधिकारी एनसीआर केस दर्ज होने पर पासपोर्ट जारी करने या नवीनीकरण की अर्जी को नहीं रोकेंगे और यथाशीघ्र आदेश जारी कर दिया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि जहां ट्रायल शुरू होने से पहले आपराधिक केस की विवेचना या जांच जारी है, अदालत को अनुमति देने या न देने का विवेकाधिकार है। वह देखेगा कि अभियुक्त विवेचना में सहयोग कर रहा है या नहीं।



## नए पुल मार्ग पर लोगों ने किया चक्काजाम सड़क चौड़ीकरण के विरोध में

**पुलिस प्रशासन के काफी प्रयास के बाद जाम को हटाया गया**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बुधवार को बड़ी संख्या में लोगों ने नए पुल के मार्ग पर बुधवार दोपहर सड़क चौड़ीकरण के विरोध में बड़ी संख्या में लोगों ने चक्काजाम किया। इससे वहां वाहनों की कतार लग गई। काफी प्रयास के बाद लोगों को शांत कराकर वहां से हटाया गया। इस दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि कुंभ को लेकर प्रयागराज में काफी कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य भी प्रस्तावित है। सड़क चौड़ीकरण की जद में बड़ी संख्या में भवन आ रहे हैं, जिनको तोड़ा जा रहा है। इसी को लेकर तमाम स्थानों पर विरोध किया जा रहा है। बुधवार को बड़ी संख्या में कीडगंज और कबाड़ी मार्केट के लोगों ने नए यमुना पुल की सड़क जाम कर दिया। इससे वाहनों की कतार लग गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और किसी प्रकार लोगों को समझाकर जाम को खुलवाया।

# मेजा के लोगों की सेवा एवं उनकी समस्याओं की अगुवाई में रहूंगा तत्पर: डॉ अमरेश

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** देश में मोदी योगी सरकार में मै किसी पद पर रहूं या न रहूं लेकिन मेजा ब्लाक की जनता की सेवा एवं उनकी समस्याओं के समाधान की अगुवाई अंतिम सांस तक करता रहूंगा। उक्त उदगार भाजपा के जिला संयोजक नमामि गंगे एवं मेजा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ अमरेश तिवारी ने मंगलवार को मेजारोड - कोहडार मार्ग पर बरसैता गांव के समीप स्थित पुलिया का जीणोर्धार कार्य शुरू होने के दौरान व्यक्त किया।

उन्होंने प्रयागराज की सांसद डा रीता बहागुणा जोशी का

**मेजारोड-कोहडार मार्ग पर बारासैता गांव के समीप स्थित पुलिया का जीणोर्धार कार्य शुरू लोगों ने सांसद का जताया आभार**



आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षो से बरसैता पुलिया नीचे होने के कारण निरंतर आती रही बाढ़ की वजह से प्रायः डूब जाती रही है जिसके के आवागमन बंद होने के साथ साथ कई गांव बाढ़ से प्रभावित हो जाते थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की इस जटिल समस्या के समाधान के लिए डा तिवारी की अगुवाई में प्रयागराज की सांसद के समक्ष उक्त समस्या रखी गई जिसमें डा जोशी द्वारा समस्या के बाव त त्वरित संज्ञान लिया गया और उक्त पुलिया को और ऊंचा तथा बड़ा करने कार्य शुरू हो गया है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि इस पुलिया का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से न सिर्फ मेजारोड से रीवा जाने वाला रास्ता आसान होगा बल्कि कई गांव के लोगों को बाढ़ से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान मोदी होगी सरकार में मै पार्टी में किसी पद पर रहूं अथवा न रहूं लेकिन मेजा के लोगों की सेवा तथा उनकी समस्याओं के समाधान की अगुवाई अंतिम सांस तक करता रहूंगा।

## राजकीय महिला पालीटेक्निक के अध्यापकों द्वारा आयोजित किया गया पालीटेक्निक चलो अभियान कार्यक्रम

**मेजा के लक्ष्मी नारायण इ का और राजवंती देवी यादव कन्या इ का के छात्र-छात्राओं को किया जागरूक**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** बुधवार को पॉलीटेक्निक चलो अभियान के तहत राजकीय महिला पालीटेक्निक मेजा खास के अध्यापकों द्वारा लक्ष्मी नारायण इंटर कॉलेज एवं राजवन्ती देवी यादव कन्या इंटर कॉलेज का भ्रमण किया गयो इस दौरान छात्र -छात्राओं को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के बाद पॉलिटेक्निक के विभिन्न कोर्सों इंजीनियरिंग, फामेर्सी, फैशन



डिजाइनिंग, होटल प्रबंधन, पुस्तकालय विज्ञान, कृषि, टेक्सटाइल इत्यादि उनके स्कोप, एलिजिबिलिटी, एडमिशन प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण तिथियों के बारे में बताया गयो इसके साथ ही किसी भी सहायता के लिए संस्था राजकीय महिला पॉलीटेक्निक मेजा खास प्रयागराज के हेल्पडेस्क पर आने के लिए आमंत्रित किया गया तथा हेल्पडेस्क नंबर 9696283972 एवं 9336092985 छात्र छात्राओं के साथ शेयर किया गयो भ्रमण के लिए गए अध्यापकों ने दोनों स्कूलों के प्रधानाचार्यों एवं समस्त स्टाफ को धन्यवाद दियो

## जांच अधिकारी की पुलिस कमिश्नर से शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी, प्रयागराज।** दहेज के मामले में कार्यवाही न होने और ससुरालियों की ओर से लगातार मिल रही धमकी की शिकायत पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा से की। नई झूंसी निवासी मेहनाज बेगम ने 4 जनवरी को फूलपुर निवासी पति मो. तस्लीम के साथ सास, ससुर, ननद पर दहेज का मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया अभी तक पीड़िता का बयान भी नहीं दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर ससुराल पक्ष से लगातार मामले में सुला समझौता करने की धमकी मिल रही है ।

## एसडीएम मेजा के कार्य प्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने किया आकस्मिक बैठक

**कहा - एसडीएम अधिवक्ताओं का नहीं करती हैं सम्मान अविवादित मामले का नहीं हो रहा निस्तारण तो अदालती कार्यवाही का नहीं है कोई औचित्य**

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा, प्रयागराज।** बुधवार को बार एसोसियेशन मेजा के वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बहुहस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र पर उपजिलाधिकारी मेजा के कार्य प्रणाली के बावत प्राप्त पत्र पर विचार हेतु आम सभा आहुत की गयी जिसमें उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी मेजा के कार्य प्रणाली से क्षुब्धता व्यक्त किया और अपने वक्तब्यों में कहा गया कि उपजिलाधिकारी मेजा द्वारा अधिवक्ताओं का सम्मान नही किया जाता है न ही किसी अविवादित वादो का निस्तारण ही किया जा रहा है ऐसी दशा में उपजिलाधिकारी मेजा को अदालती कार्यवाही करने का कोई औचित्य नही है । तथा सर्वसम्मति से उनके न्यायालय का बहिष्कार करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

इस अवसर पर आम सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चन्द्र दुबे एड0 (पूर्व अध्यक्ष) सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र एड० (पूर्व अध्यक्ष) मुनेश्वर प्रसाद शुक्ल एड0 (पूर्व अध्यक्ष) आनन्द कुमार पाण्डेय एड0 (पूर्व अध्यक्ष) दुर्गेश चन्द्र तिवारी एड० (पूर्व अध्यक्ष) अजय कुमार तिवारी एड० (पूर्व अध्यक्ष) छोटेलाल शुक्ल एड० (पूर्व अध्यक्ष) उमाकान्त मिश्र एड० (पूर्व अध्यक्ष) अरूण कुमार तिवारी एड0 (धतुरा वरिष्ठ अधि०) अनिल कुमार पाण्डेय एड० (पूर्व मंत्री) रमेश बाबू मिश्र एड0 (पूर्व मंत्री) राजीव कुमार शुक्ल एड0 (पूर्व मंत्री) मनोज कुमार शुक्ल एड० (पूर्व उपाध्यक्ष) इन्द्रदेव मिश्र एड0 (वरिष्ठ अधि.) अनिल यादव एड0, योगेन्द्र नारायण शर्मा एड०. बैजनाथ यादव एड०, हिन्छलाल भारतीय, विजय प्रकाश श्रीवास्तव (वरिष्ठ अधि०) आदि लगभग 250 उपस्थित अधिवक्तओ ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

# सप्ताह भर बाद लाखों के चोरी की रिपोर्ट हुई दर्ज, भुक्तभोगी में पुलिस के प्रति असंतोष

**चोरों को दबोचकर घटना के खुलासे को कौन कहे, रोज लगवाया गया झूंसी थाने का चक्कर**

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी, प्रयागराज।** थाना क्षेत्र के छतनाग चौकी क्षेत्र के आवासीय इलाकों में शातिर चोरों ने पिछले एक पखवारे से उधम मचा रखा है। 15 दिनों के भीतर चोरी की आधा दर्जन से ज्यादा वारदातें हो चुकी हैं लेकिन शातिर चोर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ रहे हैं। हालत तो यह हो गई है कि इलाकाई पुलिस अब भुक्तभोगी की फरियाद भी नहीं सुन रही हैं। रिपोर्ट दर्ज कर घटना के खुलासे को कौन कहे। तहरीर के साथ रिपोर्ट दर्ज करने को सुबह और शाम थाने का चक्कर लगवाया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को सामने आया है। सप्ताह भर तक थाने का चक्कर लगवाने के बाद लाखों के चोरी की रिपोर्ट एक दिन पहले दर्ज की गई। पुलिस के रवैये से भुक्तभोगी में भी असंतोष व्याप्त है।

थाना क्षेत्र के छतनाग रोड के मायापुरी कालोनी के पास ?स्थित सन राइज कालोनी निवासी संतोष तिवारी पुत्र सुधाकर तिवारी शहर में प्राईवेट नौकरी करते हैं। 21 जनवरी को वह परिवार के साथ अपने पैतृक गांव जौनपुर के खुटहन जौकाबाद गांव गए थे। इसी बीच शातिर चोर वहां पहुंचे तथा लोहे की ग्रिल काटकर भीतर घुसे। इसके बाद शातिर चोर मुख्य दरवाजे की कुंडी तोड़कर भीतर दा?खिल हो गए। शातिर चोरों ने पूरे इ?त्मिनान से मकान को खंगाला। भुक्तभोगी के मुताबिक शातिर चोरों ने लोहे की तीन आलमारी का ताला तोड़कर सोने की चेन, बाली, झुमका, मंगलसूत्र, अंगूठी, मांग टीका, न?थिया समेत तकरीबन चार लाख के आभूषण और 25 हजार रुपये कैश पार कर दिया। 22 जनवरी की रात संतोष परिवार के साथ घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख सन्न रह गए। भीतर गए तो कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की जानकारी तत्काल 112 पुलिस कंट्रोल रुम को दी गई तो मौके पर पहुंचकर तफ्तीश की गई। भुक्तभोगी ने अगले दिन पुलिस को तहरीर दी लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। भुक्तभोगी संतोष ने बताया कि कौन कहे हादसे के आरोपी चोरों को दबोचकर घटना का खुलासा करने को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के लिए उन्हें रोज सुबह-शाम थाने का चक्कर लगवाया। दो दिन पहले उन्होंने किसी प्रभावशाली व्य?क्ति से झूंसी पुलिस को फोन कराया तब जाकर मंगलवार को अज्ञात चोरों के ?खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके पहले शातिर चोर आवास विकास कालोनी योजना दो, योजना तीन, देवनगर कालोनी में लाखों की चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी। कल जैसे ही मामला संज्ञान में आया तो रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जल्द ही चोरों को दबोचकर घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# हंडिया पुलिस ने 12 मोटर साइकिल के साथ तीन को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**हंडिया, प्रयागराज।** हंडिया पुलिस ने मंगलवार देर रात को बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए उनके पास से 12 बाइक बरामद कीं। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी बाइक चोरी करने में माहिर हैं। इसके साथ ही चोरी की बाइक पकड़ी न जाए, इसके लिए उनके द्वारा मोटर साइकिल के नंबर प्लेट, इंजन नंबर,चेसिस नंबर बदल दिया जाता था।एसीपी हंडिया पंकज लवानिया ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक हंडिया धर्मेंद्र कुमार दूबे के नेतृत्व में व सयुक्त एसओजी टीम के साथ मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात बहदग्राम भेसकी ओवर ब्रिज के नीचे से एक वाहन चोर गैंग को पकड़ा गया। जिनके पास से तीन गाडियां मौके पर मिली और उन्ही के निशानदेही पर आठ गाडियां और मिली ' उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अनिल, अंकित और कुलदीप तीनो शातिर चोर है जो आए दिन गाडियां चुराते थे जिनके खिलाफ पूर्व में भी




अभियोग पंजीकृत हैं ' उन्होंने कहा कि यह गैंग प्रयागराज, कौशांबी,वाराणसी,मध्यप्रदेश और रीवा आदि जगह पर चोरी किया करता था ' प्राप्त गाड़ियों की अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख बताया जिसमे विभिन कंपनियों की गाड़ी जैसे अपाचे,स्प्लेंडर वा अन्य प्रकार की गाडियां है ' उन्होंने कहा कि हंडिया पुलिस द्वारा एक अच्छा गुडवर्क किया गया। जिससे चोरियो पर अंकुश लगेगा ' पुलिस द्वारा इनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है और इनके अन्य गैंग की भी पकड़ने का काम किया जा रहा है ' गिरफ्तार तीनों अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है।

## बारात में आये युवक की बाइक हुई चोरी, क्षेत्र में लगातार चोरी के घटनाओं से पुलिस बनी मूकदर्शक

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा, प्रयागराज।** बारात में आये युवक की द्वार पूजा के दौरान जनवासे से बाइक चोरी हो गयी। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इन दिनों मांडा क्षेत्र में चोरी की घटनाएं चरम पर हैं।

मंगलवार रात मिजार्पुर जनपद के गैपुरा पुलिस चौकी अंतर्गत भैदपुर नदिनी गाँव निवासी विपिन कुमार पांडेय



अपनी बाइक से मांडा थाना क्षेत्र के भारतगंज चौकी अंतर्गत चौहारी गाँव में कौशलेश दुबे के यहाँ बारात में आये थे। जनवासे में अपनी नयी बाइक खड़ी करके वे द्वार पूजा में गये और जब द्वार पूजा से वापस आये, तो अज्ञात चोरों ने बाइक गायब कर दी थी। पीड़ित ने घटना की तत्काल मांडा थाने में सूचना दी, यदि पुलिस ने एहतियात बरता होता, तो शायद बाइक मिल जाती, लेकिन बुधवार दोपहर तक पीड़ित के तहरीर पर मांडा पुलिस ने मुकदमा भी दर्ज नहीं किया। मांडा क्षेत्र में चोरियों की बाढ़ आ गयी है। दस दिन पूर्व गिरधरपुर मंदिर से घंटे चोरी, गिरधरपुर के ही कमलेश विश्वकर्मा के डीजे के दो डायमो चोरी हुए। एक सप्ताह पहले खैरुआ गाँव में ताला तोड़कर चोरी हुई, लेकिन किसी भी मामले में न मुकदमा दर्ज हुआ और न ही पदार्फाश हो पाया। एक पखवाड़े पूर्व विद्युत कर्मी राधेश्याम बिंद, श्रीमान बिंद की खवास का तारा बाजार से बाइक चोरी का मामला भी अभी ठंडे बस्ते में है।

# मनरेगा कर्मियों की मांगों पर बनी सहमति धरना स्थगित- अरुण कुमार यादव

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई, प्रयागराज।** ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में इको गार्डन लखनऊ से मुख्यमंत्री आवास तक मानव श्रृंखला बनाकर अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे 42 हजार ग्राम रोजगार सेवकों का धरना प्रदर्शन कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के आश्वासन पर बुधवार को समाप्त हो गया।ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने बताया कि अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर काफी अरसे से आंदोलनरत मनरेगा कर्मियों ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास तक मानव श्रृंखला बनाकर अपना विरोध जताया।

जिसमें एचआर, पॉलिसी, मनरेगा कर्मियों के जॉब कार्ड में अन्य कार्य जोड़ने, सेवा समाप्ति



के पूर्व उपायुक्त मनरेगा से सहमति, मानदेय बढ़ोतरी पूर्व एवं वर्तमान वित्त वर्षों का बकाया मानदेय का भुगतान करने तथा ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50% कोटा आरक्षित करने सहित 8 बिंदुओं पर वार्ता कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह के साथ हुई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि 15 दिनों में शासनादेश जारी हो जाएगा। आश्वासन पर पदाधिकारीयों ने आम सहमति जताते हुए धरना स्थगित कर दिया। इस मौके पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश कुमार पटेल, मंडल अध्यक्ष विजय चंद्र विश्वकर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सैदाबाद वीरेंद्र गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष होलागढ़ राजीव कुमार यादव, अमृतलाल, राकेश कुमार भारतीय, राम पूजन मौर्य, अशोक सिंह, मनोज पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# सपाइयों ने करछना विधानसभा क्षेत्र में चलाया पीडीए पखवाड़ा अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** समाजवादी पार्टी के पी. डी. ए. पखवाड़ा अभियान के तहत 260 विधानसभा करछना के जोन संख्या 6 के अंतर्गत ग्राम सभा रैपुरा, भगनपुर, करछना, प्रयागराज में पी. डी. ए. जन पंचायत का आयोजन किया गया। पी. डी. ए. जन पंचायत के मुख्य अतिथि समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदरणीय मंगला प्रसाद पाल व जिला सचिव आदरणीय कमलेश पुष्कर माली जी रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ उमेश चंद्र व जिला कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा व जिला सचिव करछना



विधानसभा प्रभारी महेंद्र सरोज व जिला सचिव मानसिंह पटेल और कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी यमुनापार के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद रहे। जिलाध्यक्ष के साथ जिले के महासचिव इंजी. जगदीश सिंह यादव व विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू एवं जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने विशेष तौर पर निषाद समाज को जागरुक करते हुए कहा कि श्रद्धेय नेताजी ने ही हम निषाद समाज का सम्मान किया था और समाजवादी पार्टी सदैव निषाद समाज का सम्मान करती रहेगी।उन्होंने बताया कि कैसे नेताजी ने वीरांगना फूलन देवी को ग्वालियर जेल से छुड़वाकर देश की सर्वोच्च सदन में दो बार बैठाया और इज्जत व सम्मान दिया। उन्होंने निषाद समाज से अपील करते हुए कहा कि हम सब निषाद समाज को एक तरफा समाजवादी पार्टी को वोट देकर इस अताताई, भ्रष्टाचारी, तानाशाही सरकार को हटाने में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सम्मान करना है। कार्यक्रम के संयोजक विधानसभा उपाध्यक्ष नंदलाल, विधानसभा सचिव रमेश पाल, जोनल प्रभारी डॉ. हरिहर देव, और सेक्टर प्रभारी प्रमोद निषाद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला प्रभारी आईटी सेल व विधानसभा महासचिव प्रदीप निषाद ने किया।

## दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर में 33 लोगों का हुआ नया पंजीकरण

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों, प्रयागराज।** विकास खण्ड सहसों के मुख्यालय पर बुधवार को आयोजित दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग प्रयागराज द्वारा दिव्यांगजन चिन्हांकन शिविर में दिव्यांग पेंशन, कुष्ठावस्था पेंशन, कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण, दुकान निर्माण / संचालन ऋण योजना, करेक्टिव सर्जरी / काक्लियर इम्प्लाण्ट सर्जरी, शादी प्रोत्साहन पुरस्कार, दिव्यांगता प्रमाण पत्र / यूनिक डिसएबिलिटी कार्ड (यू.डी.आई.डी.) के लिए विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिन्हांकन करते हुए टी/सी के 18, एम/सी के 9, यू डी आई डी के 8, एच/ए के 4, छड़ी के 1, एम आर किट के 1, सी एम ओ के 33, कृत्रिम अंग के 17, स्मार्ट कैन के 1 कुल 112 पंजीकरण किया गया। इस मौके पर नाक कान गला, मानसिक, ऑर्थो एवं नेत्र रोग के विशेषज्ञ डॉक्टरों



द्वारा 33 लोगों का परीक्षण करते हुए दिव्यांग प्रमाण पत्र के लिए नया पंजीकरण भी हुआ। इस अवसर पर शिविर में उपस्थित मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। चिन्हांकन शिविर प्रमुख रूप से प्रभारी विकास खण्ड अधिकारी संजय सिंह, प्रभारी एडीओ पंचायत राजेश सिंह, एडीओ समाज कल्याण अखिलेश यादव, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , तीर्थराज सिंह, विजय बहादुर, अरुण त्रिपाठी, ललिता यादव, शशि यादव, आसमा सिंह, राम बहादुर, अश्विनी कुमार, अविनाश सिंह, अजय राणा, मयंक मौलिक मौर्या, विवेक सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजवादी पार्टी ने अधिवक्ता मनीष कुमार भारती को बनाया अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा, प्रयागराज।** प्रयागराज लखनऊ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति से प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ता अधिवक्ता हाई कोर्ट मनीष कुमार भारती पिता श्याम नारायण भारती स्थाई पता मोहल्ला पूरा जगन्नाथ नगरपंचायत सिरसा विधानसभा मेजा को यमुनानगर प्रयागराज का जिला अध्यक्ष बनाकर पार्टी के कार्यकताओं का मान बढ़ाया है। मिठाई खिलाकर और फूल - माला पहनाकर बधाई देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का आभार व्यक्त करते हुए प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने मंगलवार को लखनऊ महानगर




कार्यालय पर मनोनयन पत्र अधिवक्ता मनीष कुमार भारती को दिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव साहिल राव सरकार महिला प्रदेश महासचिव सभा मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी पदाधिकारी ने अधिवक्ता मनीष भारती को बधाई दी। इस अवसर पर मौजूद कमल किशोर भारती,रमाशंकर प्रजापति राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब वाहिनी, डॉक्टर विमल, राम कैलाश कनौजिया एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने बधाई दिया।

## विदाई के समय मैरिज गार्डेन से महिला का बैग चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी, प्रयागराज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के कोटवां रोड अजबैया गांव स्थित फोटो गार्डेन से बुधवार सुबह दुल्हन की विदाई के दौरान लड़की पक्ष से एक महिला का बैग चोरी हो गया। बैग में नगदी समेत सोने-चांदी के आभूषण रखें थे। गेस्ट हाउस मालिक अनिल सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। हंड़िया के अंजना गांव निवासी सत्यधारी पाल की बेटी अंजली की शादी थी। मंगलवार को फरुर्खाबाद से बारात आई थी। सुबह घरात की महिलाएं दुल्हन की विदाई में व्यस्त हो गई। मौका देखकर एक महिला कमरे में रखा बैग साड़ी के पल्लू से छिपाते हुए लेकर गायब हो गई। बैग गायब होने की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। बैग में नगदी समेत सोने चांदी के जेवरात रखें थे। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने मामले की छानबीन की। गायब हुए गहनों की पुलिस ने रसीद मांगी तो भुक्तभोगी महिला बिना तहरीर दिए ही घर? चली गई।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी तेजस्विनी सिंह का किया गया सम्मान

### नैनी में भी तेजस्विनी सिंह का भाव स्वागत हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी अंतर्राष्ट्रीय महिला हैंडबॉल खिलाड़ी तेजस्विनी सिंह का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 19 वीं एशियाई खेल 2022 चीन मे आयोजित हैंडबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभा कर वापस लौटने पर भव्य सम्मान किया गय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एशियन गेम में प्रतिभा करने पर तेजस्विनी सिंह को नगद ?500000 व प्रशस्ति पत्र देकर लखनऊ के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम में कोच कौशल कुमार दीक्षित व पिता राजेश सिंह सहित परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सम्मानित किया।



तेजस्वी सिंह ने हैंडबॉल खेल के गुण नैनी में कौशल कुमार दीक्षित कोच के प्रतिनिधित्व में शिखा तथा पिता राजेश सिंह जो 42 बटालियन पीएसी नैनी में कार्यरत है उनका पूरा सहयोग दिया तेजस्विनी सिंह अपने खेल प्रतिभा के बल पर सशस्त्र सीमा बल में खेल कोटे से भर्ती होकर सशस्त्र सीमा बल में अपना योगदान दे रही है उनके सम्मान पर पर जिले के जिलाधिकारी प्रयागराज उप जिलाधिकारी करछना के साथनगर महापौर गणेश केसरवानी तथा उनके साथ के खिलाड़ी एवं संघ के पदाधिकारी बी दीक्षित योगराज मिश्रा दिनेश कुमार मिश्रा फ्री पंकज , मंडल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद सचिन अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सोनम सिंह अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी सृष्टि अगरवाल अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी नेहा पांडे अंतरराष्ट्रीय कोच विनय मिश्रा के के चौबे अनिल मिश्रा प्रांजल सिंह विनय पांडे अखिलेश वर्मा अभिषेक गुप्ता राम बहादुर सिंह अनुपम सिंह आयुष यादव वैभव दिक्षित अंकित सिंह वह विमला सिंह क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी देवी प्रसाद जिला उप क्रीड़ा अधिकारी जिला खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व अन्य साथी खिलाड़ियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा संबंधित सर्वोच्च अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया कि भविष्य में हैंडबॉल खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज का अथक सहयोग किया जाएगा।

## संतोष दास की धमकी, बंशी बाबा के शिविर में पहुंचकर धमकाया, बोले- उलटा करके पीटूंगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सीएम योगी आदित्यनाथ के खास कहे जाने वाले खाक चौक व्यवस्था समिति के महामंत्री संतोष दास (सतुआ बाबा) ने बंशी बाबा के शिविर में घुसकर धमकी दे डाली। कई लोगों के साथ पहुंचे संतोष दास का धमकी देते हुए यह वीडियो वायरल हो गया।इसमें संतोष दास कहते हुए दिख रहे हैं कि यदि किसी ने सतुआ बाबा का नाम रखा तो पहले उसे उल्टा करूंगा और पीछे से बहुत पीटूंगा.. अपशब्द देते हुए उन्होंने कहा कि मुर्गा की तरफ मुंडी को निचोड़ दूंगा। संतोष दास का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बंशी बाबा ने पुलिस और मेलाधिकारी को इसकी सूचना भी दी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टे पुलिस ने बंसी बाबा व जयराम दास के खिलाफ ही धोखाधड़ी का केस दर्ज



कर लिया।

**शिविर में सतुआ बाबा का नाम लिखने पर विवाद**

माघ मेले में खाक चौक के बाबाओं के 2 गुट आमने-सामने हैं। सोमवार को संतोष दास अपने अन्य बाबाओं के साथ बंशी बाबा के शिविर में पहुंचे थे। संतोष दास का आरोप है कि इन बाबाओं ने अपने शिविर में काशी की प्राचीन सतुआ बाबा पीठ के नाम का बैनर लगा रखा है। पुलिस ने जयराम दास और बंशी बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच करने में जुटी हुई है। वहीं बंशी बाबा की तरफ से भी संतोष दास पर मारने-पीटने का आरोप लगाया गया है लेकिन पुलिस की ओर से इसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई।

**नहीं सुन रही पुलिस, ऑनलाइन कराएंगे केस'**

बंशी बाबा ने कहा कि काशी के सतुआ बाबा उनके गुरु हैं और इसलिए वह उनका लिखते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि संतोष दास ने उनके शिविर में घुसकर मारपीट की है और उनका बैनर फाड़ा है। इसका उनके पास सीसीटीवी फुटेज भी है।उन्होंने कहा कि पुलिस उनकी नहीं सुन रही है और इसकी शिकायत ऊपर तक करेंगे और ऑनलाइन मुकदमा दर्ज कराएंगे। बंशी बाबा ने बताया कि इस घटना की जानकारी मेलाधिकारी को भी दी है। संतोष दास उन्हें जान से मारने का प्रयास किया जा रहा है।

## आक्रोशित छात्रों ने तीसरे दिन भी जारी रखा प्रदर्शन, अपनी मांगों पर अड़े, जमकर हंगामा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) के चीफ प्रॉक्टर और एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक पर छात्र को पीटने के आरोप में सोमवार को शुरू हुआ हंगामा बुधवार को भी जारी रहा।

लाइब्रेरी गेट पर अक्रोशित छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। छात्राओं ने प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सामने भी अपनी मांग रखी।मंगलवार दोपहर 12 बजे से लाइब्रेरी गेट के सामने छात्र धरने पर बैठ गए थे। इस दौरान छात्रों की इविवि के सुरक्षा कर्मियों से नोकझोंक भी हुई थी। परिसर का गेट बंद होने से आने जाने वाले छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को काफी दिक्कत हुई। छात्र एसएसएल के सहायक अधीक्षक, चीफ प्रॉक्टर को पद से हटाने और चौकी इंचार्ज विनय सिंह के निलंबन



की मांग पर अड़े रहे।

इविवि प्रशासन की ओर से एसएसएल हॉस्टल के सहायक अधीक्षक का अतिरिक्त कार्य देख रहे डॉ. अतुल नारायण सिंह को कार्यमुक्त किए जाने का आदेश जारी किया गया। इसके बाद अपराह्न तीन बजे के आसपास छात्र शांत हुए और सड़क से हटे थे। गौरतलब है कि इविवि में एमए अंतिम वर्ष के छात्र एवं एसएसएल हॉस्टल के अंतवासी अभिषेक गुप्ता को अराजक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में हॉस्टल से निष्कासित कर दिया गया था।

छात्र ने आरोप लगाया था कि निष्कासन का नोटिस लेने के लिए उसे चीफ प्रॉक्टर कार्यालय में बुलाया गया और वहां चौकी इंचार्ज के सामने चीफ प्रॉक्टर एवं हॉस्टल के सहायक अधीक्षक ने उससे मारपीट की और उससे अभद्र व्यवहार किया। मामला सामने आने के बाद सोमवार को सैकड़ों छात्र सड़क पर उतार आए थे और देर रात तक लाइब्रेरी के सामने वाली सड़क को जाम कर रखा था।

## अनोखा रिकॉर्ड : एक सिपाही ने 10 सालों में की पांच हजार शवों की वीडियोग्राफी, ट्रेनिंग के बाद से यहीं हैं तैनात

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुलिस के दस्तावेजों में ऐसा कोई रिकॉर्ड तो नहीं बनता, लेकिन यह है अजीबोगरीब रिकॉर्ड ही। ...पोस्टमार्टम के लिए लाए गए शवों की वीडियोग्राफी करने का रिकॉर्ड। इसे बनाया है, यहां पोस्टमार्टम हाउस में तैनात कानपुर निवासी सिपाही रोहित कुमार कनौजिया ने। वह 10 वर्षों में पांच हजार शवों की रिकॉर्डिंग कर चुके हैं। इन्हें थाने की पोस्टिंग की चाह है न ही कहीं और की। ट्रेनिंग के बाद से वह यहीं रमे हुए हैं।

रोहित कानपुर नगर के ग्वाल टोली के रहने वाले हैं। वह 2011 बैच में कांस्टेबल पद पर नियुक्त हुए थे। बांदा में ट्रेनिंग पूरी होने के बाद 2014 में पहली नियुक्ति प्रयागराज में मिली। उन्हें एक हेड



कांस्टेबल के साथ पोस्टमार्टम हाउस में वीडियोग्राफी के लिए तैनात कर दिया गया। कुछ महीने बाद हेड कांस्टेबल का तबादला हो जाने के बाद सारा जिम्मा रोहित ही निभा रहे हैं। अब तक वह पांच हजार शवों की रिकॉर्डिंग कर चुके हैं।

प्रदेश में रोहित जैसा शायद ही कोई दूसरा पुलिसकर्मी हो, जिसने पोस्टमार्टम के लिए आए इतने शवों की वीडियोग्राफी की हो। उन्हें न थाने की मलाईदार मानी जाने वाली पोस्टिंग से मतलब है, न ही किसी और जगह ड्यूटी से। यहीं काम का आनंद ले रहे हैं। तभी, फील्ड में नौकरी की शुरूआत से वह पोस्टमार्टम हाउस में ही ड्यूटी निभा रहे हैं। दूसरी जगह तैनाती की कभी इच्छा भी नहीं जताई। अब इन्हें एक सहकर्मी भी मिल गया है। चीर-फाड़ देखकर या बदबू से मन नहीं ऊबता? रोहित बताते हैं कि वह फॉरेंसिक विभाग में नौकरी चाहते थे। यह नहीं मिली। पर, सिविल पुलिस की इस तैनाती से सपना पूरा हो गया। अब तो अनुभव भी इतना हो गया है कि पोस्टमार्टम करने आए नए डॉक्टरों को बारीकियां बता देते हैं। 2017 में हुई डॉ. एके बंसल की हत्या, 2021 में महंत नरेंद्र गिरि की मौत अथवा 2023 में अतीक-अशरफ की हत्या...पोस्टमार्टम से पहले शवों की वीडियोग्राफी इन्होंने ही की है।

वीडियोग्राफी हर शव की नहीं होती। इसके लिए जिलाधिकारी की अनुमति अनिवार्य है। यह वीडियोग्राफी उन्हीं मामलों में होती है, जब मौत का कारण स्पष्ट न हो या फिर चोट आदि को लेकर कोई विवाद हो अथवा कोई बड़ा घटनाक्रम हुआ हो, जिसे लेकर भविष्य में कोई सवाल खड़ा होने की आशंका दिखती हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशु पांडेय का कहना है कि वीडियोग्राफी सुबूत के लिए होती है, ताकि कानूनी दांवपेच फंसने पर उसे प्रस्तुत किया जा सके। काम में पारदर्शिता बनी रहे।

## पिकअप के टक्कर से घायल महिला का उपचार के दौरान मौत , मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा, प्रयागराज।** भोजन करके घर सोने जा रही महिला को अज्ञात पिकअप ने टक्कर मार दी थी। उपचार के दौरान महिला की मौत पर मृतका के पुत्र ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने बुधवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मऊआइमा थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव निवासी बांकेलाल पुत्र स्वर्गीय महारानीदीन सरपताही नहर पर मिष्ठान की दुकान खोले हुए है। बताया गया है कि अब वह सरपताही नहर पर ही सपरिवार रहने लगा है। 23 जनवरी रात लगभग नौ बजे बांकेलाल की माता उर्मिला देवी 55 वर्ष भोजन करके सोने के लिए जा रही थी।बताते हैं कि प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिक अप टक्कर मार कर भाग गयी।

## मिशन निपुण के लक्ष्य को लेकर हुई शिक्षक गोष्ठी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना, प्रयागराज।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत विकासखंड चाका के कम्पोजिट विद्यालय में समग्र शिक्षा के तत्वावधान में निपुण मिशन के अंतर्गत बच्चो को पढ़ने, लिखने के लिए जरूरी विविध आयामों के सफल क्रियान्वयन पर शिक्षक संकुल गोष्ठी का किया गया आयोजन। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरण कमलों पर दीप प्रज्जवलित करते हुए मुख्य अतिथि ए० आर०पी० शशिकांत सिंह द्वारा किया गया। शिक्षिका गुंजन श्रीवास्तव ने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से सभी शिक्षकों का स्वागत किया। इस अवसर पर शिक्षिका डाली श्रीवास्तव द्वारा टंग ट्वीस्टर गतिविधि कराई गई।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस शिक्षक संगोष्ठी में प्रा० विद्यालय जमोली, बलापुर द्वितीय, चंपतपुर, और हरिहरपुर के नवाचारी शिक्षकों द्वारा निपुण लक्ष्य की समयबद्ध प्राप्ति हेतु विचार विमर्श एवं आगामी रणनीति एवं अकादमी बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा हुई। इस अवसर पर संगोष्ठी में आये हुए शिक्षक -शिक्षिकाओं के द्वारा मिशन निपुण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए कार्यक्रम की आयोजिका श्रीमती गुंजन श्रीवास्तव द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया और कक्षा 1 से 3 तक के निपुण छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री और मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती बलजीत कौर ने किया। उपस्थित शिक्षकों में अर्शिया, रईस,



अनिल कुमार, शकुंतला शुक्ला, संतोष कुमार, गुलशन नवाज, शबनम बेगम आदि कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष भूमिका निभाई।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर वकीलों ने भरी हुंकार, किया विरोध प्रदर्शन

### कुण्डा तहसील परिसर में पहुंची अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**



कुण्डा में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** संसद के मौजूदा बजट सत्र में केन्द्र सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम कानून पारित कराए जाने की मांग को लेकर बुधवार को यहां तहसील परिसर में वकीलों ने हुंकार भरी। अधिवक्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग के समर्थन में हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन का अभियान चलाया।

आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश की अगुवाई में दोपहर यहां अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा पहुंची। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम की मांग को लेकर घंटो जमकर नारेबाजी की। यहां हुई आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्र सरकार अधिवक्ता की सुरक्षा से जुड़े कानून को अब अविलम्ब संसद के इसी सत्र में पारित कराए। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं पर जगह जगह प्राणघातक हमले हो रहे है। कोर्ट परिसरो में भी कई अधिवक्ताओं की हत्याओं की घटनाएं भी हो चुकी है। यूपी सरकार जिस एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट की बात कर रही है उसे इस एक्ट का मसौदा वकीलों के बीच में सार्वजनिक करना चाहिए।

एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव एवं लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि अधिवक्ताओं के मान सम्मान के साथ उनसे जुडी सुविधाओं को लेकर भी सरकारों का रवैया अत्यन्त निराशाजनक है। उपाध्यक्ष विकास मिश्र ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए स्वतंत्र न्यायिक वातावरण की मजबूती के लिए अपरिहार्य है। अध्यक्षता करते हुए दि बार एसोशिएसन कुण्डा के अध्यक्ष शीतला प्रसाद यादव ने कहा कि कुण्डा के अधिवक्ता इस मांग को लेकर पूरा समर्थन और संघर्ष में जोरदार भूमिका निभाएंगे। संचालन रूरल बार के तहसील अध्यक्ष वैभव पाण्डेय ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि यह अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा उत्तर प्रदेश के सभी जनपद मुख्यालयों व तहसीलों तथा आउट लाइन कोर्टो में पहुंचेगी। आमसभा को पूर्व अध्यक्ष कमलाकांत मिश्र, सोमनाथ मिश्र, संजय पाण्डेय, लाल सिंह, सुशांत श्रीवास्तव, श्रीकृष्ण शुक्ल, अरविन्द त्रिपाठी पंकज, संजय पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अजेन्द्र कुमार यादव, आलोक सिंह, केके पाण्डेय, भगवान प्रसाद पाण्डेय, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, अरूण मिश्र पिपरा, प्रशांत सिंह, सत्यम त्रिपाठी, दिनेश सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

# मॉडल गांवों में कार्य शत प्रतिशत पूर्ण न होने पर होगी कार्रवाईः डीएम

### डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी ने मॉडल गांव के कराये गये कार्यो सम्बन्ध में जानकारी दी और कहा कि वर्ष 2022-23 में 51 गांव में कार्य कराये गये है जिस पर सम्बन्धित एडीओ पंचायत से मॉडल गांव में कराये गये कार्यो की जानकारी प्राप्त की तो पाया गया कि 50 प्रतिशत ही कार्य कराया गया है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि 03 माह के अन्दर चयनित किये गये मॉडल गांव में शत प्रतिशत कार्य कराये जाये अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि गंगा के किनारे के 17 गांव में 8 मॉडल गांव में कार्य पूर्ण करा लिये गये है अन्य पर कार्य चल रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित किया एक सप्ताह के अन्दर कार्य को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्रवाई की जायेगी। विकास खण्ड मंगरौरा में मॉडल गांव की प्रगति धीमी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एडीओ पंचायत को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि 15 दिन के अन्दर प्रगति में सुधार लायें अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जायेगी। उन्होने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जो भी कार्य कराये गये है उनकी शत प्रतिशत जिया टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनरेगा के कार्यो में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने पाये अन्यथा की स्थिति में कार्रवाई की जायेगी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर लें कि वहां पर बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प, आवागमन आदि की स्थिति ठीक है या नही और 15 दिन के अन्दर रिपोर्ट भेजवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से हण्डौर गांव में ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन के कार्यो को दिखाया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार सिन्हा सहित खण्ड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत उपस्थित रहे।



वार्षिक खेल उत्सव में विजेता खिलाड़ीगण।

## संस्कार ग्लोबल स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में ब्लू हाउस ने मारी बाजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में प्राथमिक वर्ग के बच्चों की खेल प्रतियोगिता में ब्लू हाउस ने बाजी मारी। रेड हाउस उप विजेता रहा। बुधवार को खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक वर्ग की खेल प्रतियोगिता में नन्हे मुंहे बच्चों ने उत्साह पूर्वक खेल में प्रतिभाग किया। बच्चों ने स्पून रेस, खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर दौड़, लेमन रेस, रिले रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, रिंग बाल रेस आदि खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में ब्लू हाउस अव्वल रहा। रेड हाउस द्वितीय जबकि ग्रीन और येलो हाउस संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा। खेल शिक्षक अर्जुन तिवारी, नितिन सिंह, जफर निर्णायक रहे। स्कोरिंग विजया सिंह, वर्षा ओझा, रेनू सिंह ने किया। संचालन रूही पांडेय, अलीसा फारुकी ने किया। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। रंजना तिवारी, शिवानी श्रीवास्तव, सोनम सोनी, श्वेता मिश्रा, अर्पिता दुबे, राखी सिंह, दया पुष्पजीवी, तनु वर्मा, एकता मिश्रा, नीलम तिवारी आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक मुकदमों का कराएं निपटाराः प्रधान न्यायाधीश



राष्ट्रीय लोक अदालत के बैठक में मौजूद अधिकारीगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 09 मार्च 2024 को सफल बनाने के लिये कुटुम्ब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सुरेश चन्द्र आर्या की अध्यक्षता में प्री0 ट्रायल बैठक की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित मामलों को पक्षकारों की सहमति व सुलह समझौते के आधार पर अधिक से अधिक पारिवारिक मुकदमों का निपटारा कराने में सहयोग की अपेक्षा की। बैठक का संयोजन अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल द्वारा किया गया। बैठक में पारिवारिक वादों से सम्बन्धित विद्वान अधिवक्तागण, मध्यस्थगण आदि भी उपस्थित रहे।

## जीजीआईसी स्कूल में हुई छात्राओं ने दी परीक्षा



जीजीआईसी में परीक्षा देती छात्राएं।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन और माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देश के क्रम में आज बुधवार को ज्ञान एवं जागरूकता मानचित्र मंच यानी (कैंप) के अंतर्गत यूपीएमएसपी के स्कूलों में वैज्ञानिक स्वभाव एवं योग्यता के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन कक्षा 9 से 12 तक के छात्राओं की परीक्षा गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य, गीता उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के नेतृत्व में एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अनीस के संयोजन में नकल विहीन सुचिता पूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई। इस दो घंटे की परीक्षा में टोटल-80 बहुविकल्पीय प्रश्न जैसे विज्ञान, गणित, रीजनिंग एवं कंप्यूटर से संबंधित प्रश्न पूछे गए गए थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुवापुर से मारपीट

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** भाजपा मंडल कुसुवापुर के अध्यक्ष मोहित मिश्रा परियावां निवासी मंगलवार को जिला मुख्यालय से बैठक मे शामिल होकर बाइक से वापस घर आ रहे थे कि परियावां रेलवे स्टेशन से 500 मीटर की दूरी पर लगभग आठ बजे गांव के कुछ ब्यक्तियों से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो रही थी कि अचानक बात बिगड़ गई और खड़े ब्यक्तियों ने मोहित मिश्रा को डंडा से मारपीट कर भाग गये। घटना की जानकारी किसी तरह मोहित ने अपने समर्थको को फोन पर दी। जानकारी मिलते ही भाजपा समर्थक लोग मौके पर पहुंच गये और कौशाम्बी सांसद को घटना से अवगत कराया। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर मिलने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

# छुटे हुये दिव्यांग मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएंः डीएम

### कैम्प कार्यालय पर जिलाधिकारी ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



बैठक में बोलते जिलाधिकारी संजीव रंजन।

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में छूटे हुये दिव्यांग मतदाताओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में बताया गया कि सातों विधानसभाओं में आलेख्य प्रकाशन 27 अक्टूबर .2023 को निर्वाचक नामवली मे पंजीकृत दिव्यांग मतदाताओं की कुल संख्या 19592 थी और अन्तिम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 17791 हो गयी है जिसमें 1801 दिव्यांग मतदाताओं के नाम कम हो गये है।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अपमार्जित दिव्यांग मतदाताओं की जांच की जाय तथा यदि किसी दिव्यांग मतदाता का नाम त्रुटिवश अपमार्जित हो गया हो और वह अपने निवास पर निवासरत पाया जाये तो उसका नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्यवाही अविलम्ब की जाये। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि जनपद में जितने भी दिव्यांग पेंशनर पेंशन प्राप्त कर रहे है उनकी सूची को मतदाता सूची मिलान कर सत्यापन करें और छुटे हुये दिव्यांग मतदाता का नाम सूची में सम्मिलित कराया जाये। उन्होने निर्देशित किया कि 02 दिवस के भीतर कैम्प लगाकर दिव्यांग मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाया जाये। उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने लेखपालों के माध्यम से वोटर लिस्ट को पढ़वाया जाये और जो भी कमियां या छुटे हुये मतदाता है उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाया जाये।

उन्होने निर्देशित किया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप/रैली का आयोजन कराया जाये जिससे जनपद में शत प्रतिशत मतदान हो सके। नगर पंचायतों/नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने मतदान केन्द्रों को सुव्यवस्थित एवं बेहतर बनाया जाये और ज्यादा से ज्यादा वहां पर मतदान कराया जाये। सभी उपजिलाधिकारी वोटर लिस्ट का सत्यापन करा लें। उन्होने निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान करने हेतु विशेष कैम्पों का आयोजन करके सभी अर्ह दिव्यांग मतदाताओं/सामान्य मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, समस्त उपजिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्व समाज के लोगों का अपना दल में हो रहा झुकावः पाल

### नवनियुक्त पदाधिकारियों का हुआ स्वागत सम्मान समारोह

**अखंड भारत संदेश**



स्वागत सम्मान समारोह में अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

**प्रतापगढ़।** अपना दल (एस) द्वारा आयोजित नव नियुक्त प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी का स्वागत सम्मान समारोह नगर के देवकली लान में बृजेश पटेल जिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियो में मुश्ताक अहमद प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच मोहम्मद फहीम उर्फ पप्पू भाई, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मंच विजय सिंह, प्रदेश सचिव व्यापार मंच के के विश्वकर्मा प्रदेश सदस्य कार्यकारिणी व्यापार मंच बंशीलाल मौर्य, लालजी प्रजापति, क्षेत्रीय सचिव प्रयागराज श्रवण कुमार शुक्ला, रमेश कुमार प्रजापति क्षेत्रीय सदस्य कार्यकारिणी प्रयागराज का कार्यकताओं ने माला पहनकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सलाहकार राजेंद्र प्रसाद पाल ने नवनियुक्त पदाधिकारी का स्वागत करते हुए कहा कि अपना दल में अपनापन है इसीलिए सर्व समाज के लोगों का झुकाव अपना दल में हो रहा है। राष्ट्रीय सचिव बौद्धिक मंच डॉ अमित पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन अनुप्रिया पटेल की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। प्रदेश सचिव कमलेश विश्वकर्मा ने कहा कि अपना दल (एस) एक राजनीतिक दल के साथ-साथ व्यवस्था परिवर्तन का आंदोलन है।

जिला अध्यक्ष बृजेश पटेल ने आए हुए लोगों का स्वागत अभिनंदन वंदन करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव महिला मंच लक्खू चैधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सहकारिता मंच मिथिलेश सिंह पटेल, प्रदेश सचिव किसान मंच लल्लू प्रसाद वर्मा, जीतेंद्र पटेल प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मंच, राजेंद्र पाल प्रधान संगीता पटेल, अनारकली, दिलीप सिंह, दिनेश सिंह, जय कौशल, गिरीश मिश्रा, मोहम्मद हकीम, रामखेलावन पटेल, हजारी प्रसाद वर्मा, सुरेश सरोज, चंद्रभान पटेल, राम पटेल जीतलाल पटेल लाल बहादुर पटेल प्रमोद पटेल बसंत लाल वर्मा आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर व्यापार मंच के जिला अध्यक्ष उमा प्रकाश अग्रहरि जिला उपाध्यक्ष कमलेश भारती विश्राम सिंह ने अपने समर्थकों के साथ अपना दल यश की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन श्रवण कुमार पटेल ने किया।

# सड़क दुर्घटना में दो की मौत, दो घायल

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कुण्डा कोतवाली कस्बे करम अली का पुरवा रहने वाले दानिश अंसारी व तालीम शाह गांव के दो युवकों के साथ मंगलवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे लखनऊ प्रयागराज हाइवे पर सड़क किनारे खड़े होकर आपस मे कोई बात चीत कर रहे थे कि अचानक सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने चारो को जोरदार टककर मारती हुई अंधेरे का फायदा उठाती हुई आँखो से ओझल हो गई। लोगो की नजर सड़क पर खून से लथपथ युवकों पर पड़ी तो हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने इम्बुलेंस से चारों युवकों को सीएचसी कुंडा भेजा, जहां चिकित्सकों ने दानिश अंसारी व तालीम शाह को मृत घोषित कर दिया। बाकी दोनों घायलों फूलचंद प्रजापति व मोहम्मद वैश को एस आर एन प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके जाँच पड़ताल मे जुटी हुई है। घटना को परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है।

### दुष्कर्म के अभियोग का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 मृत्युंजय पाण्डेय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली देहात के मु0अ0सं0 36/2024 धारा 323, 504, 506, 376, 313 भादवि में वांछित अभियुक्त भीम सिंह पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम रामदत्त का पुरवा, बरहुआ भोजपुर थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# किसानों की दुगुनी आय बढ़ाने का सरकार का वादा छलावाः रामसुंदर यादव

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** किसानों की आय को दोगुना करने के अपने वादे से भाजपा सरकार सत्ता में आई थी लेकिन न तो किसानों की आय दोगुनी हुई और न हीं उनके जीवन स्तर में कोई सुधार हुआ है। बल्कि महंगाई से उनका जीवन अस्त व्यस्त हो गया है, उन्हें तो फसल की लागत निकालना भी मुश्किल दिखाई दे रहा है। उक्त बातें समाजसेवी हल्लू रामसुन्दर यादव ने कही। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक है और किसानों को फिर से लुभाने के लिए कई प्रकार की साजिश रची जा रही है। किसानों की आय को दोगुना करने के वादे से पिछली बार भाजपा सत्ता में आई लेकिन किसी भी प्रकार से उनके जीवन स्तर में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। महंगाई के कारण लोग परेशान हैं उन्होंने युवाओं से चुनाव में बेहतर विकल्प चुनने का आवाहन किया और कहा कि लोकतंत्र को जीवित रखने और उसे आगे बढ़ाने तथा मजबूत करने की जिम्मेदारी अब युवाओं के कंधों पर है।

## अनियंत्रित बाइक खंभे से टकराई, बाइक सवार युवक जख्मी

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तेज रफ्तार से जा रहे युवक की बाइक खंबे से जा टकराई जिससे बाइक सवार युवक बुरी तरीके से जख्मी हो गया। मौजूद लोगों ने इसकी सूचना परिजनों को दी तो परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां पर उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के फत्तूपुर गांव का रहने वाला जगन्नाथ (35) पुत्र लालता वर्मा बुधवार दोपहर किसी काम से पट्टी बाजार आया हुआ था, वह घर लौट रहा था तभी पूरे बंशीधर चैराहे के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंबे से जा टकराई जिससे उसके सर में काफी गंभीर चोटें आई। मौजूद लोगों ने उसे उठाया और उसके परिजनों को घटना की सूचना दिया परिजन मौके पर पहुंचे और उसे पट्टी नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां पर उसकी नाजुक स्थिति देखते हुए डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जहां से प्रयागराज के लिये रेफर किया गया।

## आवारा पशुओं से किसान परेशान, दिन रात कर रहे रखवाली

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के क्षेत्र मे आवारा पशुओ का झुण्ड किसानो की फसल को रात मे अपना निवाला बना रहे है जिसको लेकर किसानो मे बेचैनी दिखाई दे रही है। जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि आवारा पशुओं को पकडकर उनको गौशाला मे भेजा जाय लेकिन अभी तक आवारा पशुओं के झुण्ड को पकड़ा नही गया जिसको लेकर किसानो मे आक्रोश दिखाई दे रहा है आवारा पशुओं की संख्या धीरे धीरे बढ़ने से किसानों मे सरकार के प्रति नाराजगी दिखाई दे रही है और रह रहकर सरकार पर ऊँगली उठा रहे है।यदि आवारा पशुओं के झुण्ड को पकड़ा नही गया तो किसानो की मेहनत से बोई गई गेहूं सरसो चना मटर की फसल को बर्बाद होने से कोई नही रोक सकता। आक्रोशित किसान मोनू, राजेश, रमेश मौर्य, मौज लाल, लल्लू, अवधेश, फूलचंद, श्रीराम, राम आसरे, अरविन्द, लवकुश,आदि किसानो ने जिलाधिकारी सजीव रंजन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### संदिग्ध परिस्थिति में युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात के सिटी चैकी अंतर्गत टेऊंगा मोड़ के पास एक युवती ने संदिग्ध परिस्थिति में फांसी लगाकर जान दे दी। जानकारी होने पर पहुंचे परिजनों ने देखा तो होश उड़ गये। आनन-फानन में युवती को मेडिकल कालेज ले जाया गया जहां पर चिकित्सकों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची सिटी पुलिस चैकी ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिये भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर युवती की मौत से परिजनों

## हमले में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** चेहरे पर चार्ट की रोशनी का विरोध करने पर एक बुजुर्ग पर दबंगों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया था, जिससे हमले में घायल बुजुर्ग राम अभिलाष शुक्ला (72) की इलाज के दौरान मौत हो गई। अंतू कोतवाली के राजापुर रैनिया शुकुलपुर गांव में राम अभिलाष के चेहरे पर टार्ज जलाने से एतराज पर दबंगों ने उस पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया था जिस पर बुजुर्ग को मरणासन्न हालत में जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर किया गया था। इस पर पुलिस ने प्रदीप यादव, कमलदेव यादव, अमरदीप यादव, मनीष यादव, मोहित, रोहित, बंटी और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है तथा मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

# स्कूली वाहनों द्वारा बच्चों के अभिभावकों से उचित किराया ही लिया जाय : एडीएम

**अपर जिलाधिकारी ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक**

**स्कूली वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए गए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गौड द्वारा उदयन सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयां के प्रबन्धक/प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी कर 10 दिन के अन्दर स्कूली वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र प्राप्त करवाना सुनिश्चित किया जाय, 10 दिन के अन्दर फिटनेस प्रमाण-पत्र नहीं लिया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किया जाय। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरटीओ एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि स्कूली वाहनों द्वारा बच्चों के अभिभावको से उचित किराया ही लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने स्कूली वाहन चालकों का सत्यापन कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को भवन निर्माण सामग्री को सड़क पर रखने वालों को नोटिस जारी कर 03 दिवस के अन्दर सामग्री हटवाने के निर्देश दियें, ताकि इससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकें। उन्हांने एआरटीओ को 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने सरकारी/अर्द्ध सरकारी वाहनों को स्क्रैप कराये जाने के लिए अधिकारियों को पत्र प्रेषित करने तथा सभी अधिकारियां को अपने विभागीय वाहन, जो 15 वर्ष या उससे अधिक पुराने है, उन्हें स्क्रैप कराने के निर्देश दियें। उन्होंने एनएचएआई, लोनिवि एवं ट्रैफिक इंस्पेक्टर को जनपद के मुख्य यातायात मार्गों पर पार्क वाहनों को निरन्तर हटवाने तथा सड़क सुरक्षा पर खतरनाक ढंग से मार्गों पर खड़े वाहनों को नियमित रूप से हटवाने के निर्देश दियें। उन्होंने लाइजनिंग मैनेजर एनएचआई को निर्देशित किया कि रूट डायवर्जन वाले स्थलों पर साइनेज बोर्ड, रम्बर स्ट्रीप आदि सुरक्षा से सम्बन्धित सभी मानकों का अनुपालन अवश्य सुनिश्चित किया जाय, ताकि कोई सड़क दुर्घटना न होने पाये।बैठक में एआरटीओ ने बताया कि सड़क दुर्घटना होने पर एक घण्टे के अन्दर अस्पताल ले जाने वाले गुड सेमेरिटन (नेक व्यक्ति) को सरकार द्वारा पुरस्कार दिये जाने का प्राविधान है। बैठक में लाइजनिंग मैनेजर एनएचआई ने बताया कि हाइवे पर यात्रा के समय टोल पर फास्ट टैग से टोल टैक्स नहीं कटने की समस्या आने पर टोल फ्री नम्बर-1033 पर शिकायत दर्ज करायी जा सकतीं हैं।



बैठक में संबोधित करते एडीएम

अपर जिलाधिकारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा बड़ी दुर्घटनाओं/मृतकों की संख्या अधिक होने पर मोटरयान अधिनियम के नियम-135ए के अन्तर्गत फॉरेन्सिंक क्रैश इंवेस्टिगेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने पुलिस, परिवहन, एनएचएआई, लोनिवि एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य सड़क सुरक्षा परिषद को जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं से सम्बन्धित वांछित सूचना समय से उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्हांने एआरटीओ को जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लॉन तैयार किये जाने के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्हांने मुख्य चिकित्साधिकारी को जनपद में बड़ी दुर्घटनाओं का एक्शन प्लॉन तैयार करने तथा विभिन्न अस्पतालों एवं एम्बुलेन्स के मध्य समन्वय, रेफरल एवं बेड की उपलब्धता के लिए नोटिफिकेशन सिस्टम स्थापित करने के भी निर्देश दियें।बैठक में उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर अभिषेक सिंह व क्षेत्राधिकारी सिराथू अवधेश विश्वकर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि हरिवंश सिंह एवं एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## न्यूज झरोखा

### नगर पालिका भरवारी के ईओ बनाए राम सिंह



**भरवारी कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी के नए ईओ राम सिंह बनाए गए है,अतर्रा बांदा में तैनात रहे राम सिंह को विशेष सचिव ने तत्काल प्रभाव से ड्यूटी ज्वाइन करने का आदेश दिया है। ईओ सुनील मिश्रा के सस्पेंड होने के बाद मंझनपुर नगर पालिका के ईओ अनूप रॉय को नगर पालिका भरवारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।ईओ अनूप रॉय के भरवारी में तैनाती के बाद अभी तक एक भी बिल के भुगतान नहीं किए जाने की चर्चा और डिप्टी सीएम से शिकायत की बात सामने आ रही है जिसके बाद अतर्रा बांदा में तैनात राम सिंह को नगर पालिका भरवारी में तैनात किया गया है।

### अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण में कृषकों के प्रतिभाग के लिए बस को हरी झण्डी दिखाकर एडीएम ने किया रवाना



**कौशाम्बी।** सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत प्रसार शिक्षा निदेशालय गोविन्द वल्लभ पंत कृषि एवं प्रोद्यौगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर, उत्तराखण्ड में दिनांक 01 फरवरी से 06 फरवरी 2024 तक आयोजित अन्तर्राज्यीय कृषक प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम में जनपद कौशाम्बी के 36 प्रगतिशील कृषकों के प्रतिभाग के लिए अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से बस को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषकों को रबी फसलोत्पादन, कृषि विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज के उत्पादन सम्बन्धित विषयों आदि पर संस्थान के कृषि वैज्ञानिकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेंगा, इसके साथ ही संस्थान के प्रक्षेत्र पर विभिन्न फसलों, बागवानी, मशरूम यूनिट, पशुपालन एवं मत्स्य पालन आदि का भ्रमण कराया जायेंगा।

### किशोर के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट ने सुनाई 20साल की सजा

**कौशाम्बी।** जिले में किशोर के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को विशेष न्यायाधीश की कोर्ट ने 20 साल की सजा सुनाई है,कोर्ट ने आरोपी पर 5 हजार का अर्थदंड भी लग्या है।कोर्ट ने अर्थदंड न अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा की सुनाई है। करारी थाना क्षेत्र में किशोर को टी0वी0 देखने के बहाने अपने घर ले जाने तथा दरवाजा बन्द कर दुष्कर्म किए जाने का थाना करारी पर मु0अ0सं0 87/20 धारा 377 भादवि व 6 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसके अभियुक्त को 31.01.2024 को न्यायालय बाल न्यायालय/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में एसपी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्त को 20 वर्ष कठोर कारावास तथा 5000/- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 03 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

### ककोढा हाइवे पुल पर बड़ी घटना करने के फिराक में लुटेरे

**कौशांबी।** कोखराज थाना के अन्तर्गत ककोढा हाइवे पर वा चाकवन चौराहे पर बने पुल की लाइट लगातार खराब कर दी जाती है शिकायत के बाद लाइट ठीक हो जाती है लेकिन फिर कुछ दिन बाद लाइट खराब कर दी जाती है आए दिन इलाके में अपराध की घटनाएं घटित हो रही है हाईवे पुल की लाइट खराब कर देने से क्षेत्र में अंधेरा हो जाता है जिससे अपराधियों को घटनाओं का अंजाम देने में आसानी होती है आखिर हाईवे पुल की लाइट खराब करने के पीछे किसका हाथ है यह बड़ी जाँच का विषय है। इधर फिर एक हफ्ते से हाईवे ब्रिज की लाइट खराब चल रही है जिससे ग्रामीण भयभीत दिखाई पड़े हैं कि फिर कोई घटना होने की संभावना जताई जा रही है बता दे कि ग्राम के मेन रास्ते से पुल की दिवाल लगभग पूरब से पश्चिम 400 मीटर दूर तक है दिवाल की वजह से आस पास कुछ दिखाई ना देना व लाइट ना जलने से ग्रामीणों को खतरा बना रहता है इस एरिया में आये दिन घटना भी होती रहती है , अभी हाल फिलहाल बीते दिनों गाड़ी लूटना व लड़कियों के साथ भी घटना हुई थी, ग्रामीणों को एन एच ए आई के कर्मचारियों के कारनामे से काफी आक्रोश है जिले के आला अधिकारी से हाइवे के अधिकारियों की शिकायत व लाइट ना जलाने पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### नेटवर्किंग समस्या से जूझ रहा है डाकघर, खाता धारक परेशान



**कौशांबी।** चायल क्षेत्र के अंतर्गत बसुहार गांव का डाकघर लगातार नेटवर्किंग की समस्या से जूझ रहा है जिससे डाकघर पहुंचने वाले ग्राहकों का काम नहीं होता और पूरे पूरे दिन ग्राहक डाकघर में नेटवर्क आने का इंतजार करते हैं लेकिन देर शाम उन्हें वापस कर दिया जाता और दूसरे दिन फिर बुला लिया जाता है जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। मोबाइल नेट वर्किंग की समस्या से लोगो को बहुत परेशानी हो रही है भारतीय डाक विभाग में कुछ लोग खाता खोलने के लिए सुबह से परेशान है डाक विभाग अधिकारी ब्रांच पोस्ट मास्टर लाल जी के पास खाता खोलवाने के लिए सुबह से लोग बैठे है लेकिन नेटवर्किंग न होने से लोगो का खाता नहीं खुल सका है लोगों को वापस कर दिया जाता है जिससे लोगो में आक्रोश व्याप्त हो रहा है पोस्ट मास्टर को लोग ताने मार रहे है पोस्ट मास्टर लाल जी नेटवर्किंग की प्रबलम बताते हुए लोगो को सांत्वना देते हुए अगले दिन बुला रहे है। गरीब किसान खेती किसानी करने वाले लोगो के पास इतना समय कहा होता है की रोज डाक घर में आ कर सुबह से बैठे और पूरे दिन परेशान होने के बाद भी गरीब जनता को निराश हो कर घर लौटना पड़े लेकिन नेटवर्किंग समस्या को लेकर के डाकघर में ग्राहकों का काम नहीं हो रहा है वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी नहीं तैयार की जा रहे हैं कि ग्राहकों को नेटवर्किंग की समस्या से निजात मिल सके मंगलवार को फिर डाकघर में नेटवर्किंग की समस्या देखी गई जिस पर घुरिया देवी रोशन लाल सुखनी देवी शांति देवी एवम अन्य लोगों ने डाकघर की समस्या पर आक्रोश ब्यक्त किया है।

## एएसपी ने पुलिस विभाग से सेवानिर्वित्त हुए दरोगा, कांस्टेबल को प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र प्रदानकर दी भावभीनी विदाई



सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते अपर पुलिस अधीक्षक

**कौशाम्बी।** जिले में अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग से सेवानिर्वित्त हुए 05 दरोगा एवम एक एलएफएम एवम एक कांस्टेबल को प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र प्रदानकर भावभीनी विदाई दी। अपर पुलिस अधीक्षक ने सेवानिर्वित एसआई राम समेुर यादव, एसआई वीरेंद्र राय, एसआई रामचन्द्र सरोज, एसआई मुस्तकीम अहमद, एसआई जटा शंकर, एसआई एलएफएम राम बाबू एवम कांस्टेबल प्रेम प्रकाश पाठक को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सीओ मंझनपुर, सभी पुलिस स्टाफ एवम सेवानिर्वित पुलिसकर्मियों के परिजन मौजूद रहे।

## बेटी की विदाई के दिन डोली की जगह उठ गई पिता की अर्थी

**बेटी की शादी के दिन बीती रात अचानक ब्रेन हेमरेज की वजह से पिता की मौत हो गई**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत चरवा के पूरे अयोध्या गांव के ओम सिंह पुत्र स्व शियाम्बर लाल कानपुर शहर में उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत थे। जिनकी उम्र करीब 48 वर्ष है इनके चार बच्चे हैं एक बेटा और तीन बेटियां बड़ी बेटी पूजा की 30 जनवरी को कानपुर में ही शादी थी और 31 को बिदाई लेकिन भगवान को कुछ और ही मंजूर था जिस बेटी को खुशी खुशी बिदा करने के सपने हर पिता देखते हैं उसी बेटी की बिदाई के दिन ही पिता ओम सिंह की ब्रेंहहेमरेज से हॉस्पिटल में मौत हो गई। उधर कानपुर में बेटी की बिदाई तो परिजनों ने कर दी लेकिन इधर पिता की अर्थी उठ गई।



मौत के बाद रोते बिलखते परिजन व जुटी भीड़

बता दें कि ओम सिंह के ब्रेन का ऑपरेशन हुआ था और वह पिछले सात दिन से हॉस्पिटल में एडमिट थे बीती रात अचानक ब्रेन हेमरेज की वजह से उनकी मौत हो गई और उसी रात बेटी की शादी भी थी पिता की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है।

### चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के पद पर चयन के लिए आवेदन आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** जनपद न्यायालय, कौशाम्बी में लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम में चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के 01 पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के 01 पद एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल के 02 पद पर चयन के लिए निर्धारित योग्यता प्राप्त भारतीय नागरिकों से आवेदन आमन्त्रित किये गयें हैं, जिनको संविदा के आधार पर प्रारम्भतः 02 वर्ष के लिए रखा जायेगा। उनकी सविदावधि उनके संतोषजनक कार्य प्रदर्शन के आधार पर वर्षानुवर्ष बढ़ाई जा सकती है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कौशाम्बी के कार्यालय में दिनांक 15.02.2024 की कार्यालय अवधि सायं 05:00 बजे तक प्राप्त करा सकतें हैं। अन्तिम तिथि व समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। विस्तृत अधिक जानकारी दिशा निर्देश एवं आवेदन-पत्र के प्रारूप जनपद न्यायालय की वेबसाइट माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट तथा उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

## जन शिक्षण संस्थान द्वारा पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षण कार्यक्रम द्वितीय दिन संपन्न



प्रशिक्षण लेती युवतियां व महिलाएं

**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी द्वारा 31 जनवरी को द्वितीय दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक राजकुमार पांडे ने पीएम विश्वकर्म योजना के बारे में विस्तृत प्रकाश डाला और विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया उक्त प्रशिक्षण में प्रशिक्षिका स्वाती मिश्रा ने प्रथम पाली में मार्केट सर्वे एनएसडीसी से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में एवं मशीन के मरम्मत पुर्जे के मरम्मत हेतु पुर्जे के बारे में मशीनों में धागा भरना एवं कपड़ा काटने का तरीका तुरपाई करना इत्यादि तथा द्वितीय पाली में प्रशिक्षिका श्रीमती रेखा देवी ने फाइनेंस एवं स्कीम के बारे में फैशन के बारे में तथा बहुत सारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह राजू शुक्ला रूबी देवी किरण देवी रूपा कुमारी करिश्मा देवी श्यामा शोभा रुचि रन्नु देवी प्रीति चांदनी कामिनी आदि प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण लिया।

### घर में घुस कर मनचले ने की युवती से छेड़छाड़, मामला दर्ज

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव में मंगलवार की रात एक मनचले युवक ने घर में घुस कर युवती के साथ अभद्रता की। जिसे युवती के घर वालो ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। युवती के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछ तांछ कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित युवती के परिजनों के मुताबिक मंगलवार की रात युवक गन्दी नियत से उनके घर में घुस कर युवती से छेड़छाड़ करने लगा तो उसे पकड़ कर कमरे में बन्द कर दिया गया और बुधवार को सुबह संदीपन घाट पुलिस के हवाले किया गया उसके बाद परिजनों ने मनचले युवक के खिलाफ थाने में लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस द्वारा युवक से पूछ तांछ करते हुए आगे की कार्यवाही करने की बात कही गई है।

## महल सरीखा घर काली स्कार्पियो खोल सकती है नगर पंचायत में भ्रष्टाचार की पोल

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत पूरब पश्चिमशरीरा में भ्रष्टाचार ने तेजी से जड़ जमा ली हैं विकास योजनाओं में जमकर धांधली हो रही है जमीनी हकीकत में विकास योजनाएं दिखाई नहीं पड़ रही है चेयरमैन के भाई के हाथ क्या कुबेर का खजाना लग गया है जो दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहे हैं चुनाव के एक वर्ष पूरे नही हुए है महल सरीखे घर का निर्माण कार्य में तेजी आ गयी इसके साथ ही बेशकीमती स्कार्पियो का खरीदना आम लोगो मे चर्चा का विषय बना हुआ चर्चा यहां तक है कि नगर मे होने वाले निर्माण का 90 प्रतिशत ठेका भी साहबजादे के हाथ मे है अध्यक्ष के भाई पेटी ठेकेदार बन गए हैं मजबूर ठेकेदार केवल जीएसटी से संतोष कर अपना काम नगर पंचायत के जिम्मेदार के हवाले कर देते है ठेकेदार चिल्ला चिल्ला कर कहते है आफ लाइन के खेल मे हम लोगो का हाथ खाली रहता है । एक नया खेल जेम के जरिए खेला जाता है जिसमे एकाधिकार किसी एक फर्म का है। नगर मे जो भी कार्य हो रहा है मानक और गुणवत्ता से कोसो दूर रहता है अवर अभियंता नगर पंचायत की तरफ से लूट की छूट है कभी नगर पंचायत मे देखे नही जाते कमीशनखोरी के चक्कर मे कभी किसी कार्य को गुणवत्ता विहीन का चार्ज लगा कर नही रोका गया ।इससे साफ है कि अवर अभियंता की नजर मे नगर पंचायत मे भ्ष्टार्चार का राम राज्य है इन सभी दृश्य की काली छटा से किसी एक की छटा चमचमा रही है साइकिल से मोटर साइकिल की रफ्तार बढती हुई बोलेरो और अब दौडती काली स्कार्पियो कहानी कुछ और बंया कर रही है यदि इसकी जांच जिम्मेदारी के साथ की गयी तो आमदनी के श्रोत बता पाना मुश्किल ही नही न मुमकिन है एक बडा भ्रष्टाचार खुलेगा जिसमे कुछ ठेकेदारों की भी पेंच फंस सकता है।

## समय से प्राथमिक विद्यालय में नहीं पहुंचते शिक्षक, बाधित हो रहा शिक्षण कार्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** हाड़ कपा देने वाली ठंड के कारण जिला अधिकारी एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समन्वय से विद्यालयों के समय में बदलाव किया गया है। बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के उद्देश्य से विद्यालय समय से पहुंच रहे हैं लेकिन बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए शिक्षकों का घंटों इंतजार करना पड़ता है। शिक्षक विद्यालय में समय से नहीं पहुंचते हैं जिसके कारण बच्चों के भविष्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यदि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा किसी दिन जिले के प्राथमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण कर लिया जाए तो देर से प्राथमिक विद्यालय पहुंचने वाले शिक्षकों की पोल खुलना तय है। ताजा मामला सिराथू विकासखंड क्षेत्र के लच्छीपुर प्राथमिक विद्यालय का है जहां पर अध्यापक 10:20 बजे तक सभी अध्यापक विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं जो गंभीर चिंता का विषय है। वहीं ग्रामीणों की माने तो लच्छीपुर प्राथमिक विद्यालय में कभी भी अध्यापक समय से नही पहुंचते हैं। उक्त प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की लापरवाही पर आज तक किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी है जिसके चलते देर से पहुंचने वाले शिक्षक बेलगाम हो गए हैं। इसी तरह जिले के अन्य प्राथमिक विद्यालयों का यही हाल है जिससे प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है।

## कौशाम्बी को 25 लाख 70 हजार 760 पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित

**अपर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति, वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक सम्पन्न**

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति/वृक्षारोपण समिति, जिला गंगा समिति एवं वन बन्दोबस्त समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2024-25 में पौधारोपण के लिए जनपद कौशाम्बी को 25 लाख 70 हजार 760 पौधारोपण का लक्ष्य आवंटित किया गया है, जिसमें वन विभाग को 892700, पर्यावरण विभाग 26900, ग्राम विकास विभाग 963000, राजस्व विभाग 15000, पंचायतीराज 95000, नगर विकास 23000, लोक निर्माण विभाग 13000, जलशक्ति विभाग 13000, कृषि विभाग 188000, पशु पालन विभाग 9000, सहकारिता 4200, उद्योग 18000, ऊर्जा 6860, माध्यमिक शिक्षा 6000, बेसिक शिक्षा 9000, प्राविधि शिक्षा 5000, उच्च शिक्षा 17000, स्वास्थ्य विभाग 13000, परिवहन विभाग 1800, उद्यान विभाग 115000, ग्रह विभाग 6300 एवं जल निगम ग्रामीण 130000 आवंटित किया गया हैं।





बैठक को संबोधित करते अपर जिलाधिकारी और बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियां को वर्ष 2024-25 में वृक्षारोपण के लिए आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष कार्ययोजना बनाकर प्रभागीय वनाधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दियें। उन्हांने नगर निकायों में एमआरएफ सेन्टर के संचालन की स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को एमआरएफ सेन्टर क्रियाशील रखने के निर्देश दियें।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि 02 फरवरी 2024 को वर्ल्ड वेटलैण्ड दिवस के अवसर पर अलवारा झील में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा।

## संपादक की कलम से

# साकार गांधी, निराकार गांधी!

प्रार्थना सभा में शामिल होने से साकार गांधी के शरीर को प्रणाम करने का स्वांग रचते हुए गोली मारने वाले को भले ही रोका न जा सका हो पर 'हे राम' शब्द का अंतिम उच्चारण कर महाप्रयाण पर जाने वाले निराकार गांधी के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और अभय को लोकसमाज के मन से कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन और सभ्यता गोली और गाली के बल पर रोक या समाप्त नहीं कर सकती।

दिल्ली के बिड़ला भवन में 30 जनवरी 1948 की शाम सांध्यकालीन प्रार्थना पर निकले साकार गांधी अपने अंतिम शब्द 'हे राम' के साथ अनन्त निराकार में विलीन हो गए। इस जगत में जन्म, जीवन के साकार स्वरूप का प्रारंभ है तो महाप्रयाण जीवन का अनन्त निराकार में विलीन हो जाना। जीव, हाड़-मांस का पुतला, सामान्य समझ से माना जाता है। इस जगत में सनातन काल से हाड़-मांस के पुतले भांति-भांति के रूप-स्वरूप में श्वास-प्रश्वास की तरह आते-जाते रहते हैं। जगत, जीवन के साकार से निराकार स्वरूप में बदलने का एक अंतहीन सिलसिला है।

साकार स्वरूप अंततः निराकार में विलीन हो जाता है, पर निराकार तो हर कहीं व्याप्त है, शून्य और अनन्त में भी और सूक्ष्म और विराट स्वरूप में भी। जो रूप-स्वरूप जन्म-मृत्यु से परे है, जैसे-सत्य अपने आप में पूर्ण है, अपूर्ण कभी पूर्ण या असत्य कभी सत्य नहीं हो सकता। साकार गांधी की सबसे बड़ी सिखावन जगत को यह रही कि 'सत्य ही ईश्वर है।' ईश्वर के साथ साकार मनुष्य के मन में आस्तिक-नास्तिक का सवाल या मत-मतान्तर उठें, पर सत्य की सनातनता को लेकर कोई द्वंद या आस्था-अनास्था का सवाल ही नहीं बना।

गांधी ने जीवन को सत्य की जीवन-शाला बना दिया, 'सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा।' सत्य एकदम सरल, सहज और स्वाभाविक रूप से सादगीपूर्ण है। सत्य में न तो प्रदूषण है,न ही असहिष्णुता,अभद्रता या बनावटीपन। सत्य में दुराव-छिपाव या स्मरण-विस्मरण का कोई सवाल ही नहीं है। गांधी की कहानी का कुल-जमा निचोड़ यह निकला कि एक सामान्य हाड़-मांस का मनुष्य कैसे अपने जीवन में, लगातार अपनी कमियों को खुद-ब-खुद अपने जीवन की समीक्षा से स्वयं ही त्यागते हुए, जीवन को एक सत्याग्रह में बदल सकता है।

दक्षिण अफ्रीका में बैरिस्टर गांधी को पहली श्रेणी का वैध टिकट होने पर भी रेल से उतार दिया था। कहा गया था कि काला आदमी पहली श्रेणी में चढ़ और यात्रा नहीं कर सकता, भले ही वह बैरिस्टर क्यों न हो! सत्यनिष्ठ बैरिस्टर गांधी के मन के किसी कोने में सत्य की समझ नहीं होती तो गांधी जैसा हाड़-मांस का पुतला निराकार सत्य को साकार सत्याग्रह में नहीं बदल पाता। महात्मा गांधी जैसे सरलतम रास्ता खोजने वाले मनुष्य का 'सत्य ही ईश्वर है' का विचार-सूत्र दुनिया के प्रत्येक मनुष्य को सत्य की समझ देता है। अपने जीवन में ईश्वर को खोजने की मशक्कत करते रहने की बजाय गांधी ने यह सहज सूत्र बताया।

गांधी ने सत्य को हर समय अपने दैनिक जीवन की श्वास-प्रश्वास की तरह मानते हुए जीवन को ही जीवन्त सत्याग्रह की तरह अनोखी जीवन शैली में बदल दिया। सत्य को आत्मसात कर जीना सिखाया। सत्य और सत्याग्रह की सरलता को अपनाने का सादगीपूर्ण अहिंसक समाधान निकाला। सत्य और अहिंसा एक-दूसरे में रचे-बसे हैं। सत्य और अहिंसा स्वावलंबी और प्राकृतिक स्वरूप में हर किसी के लिए सहज सरल है। सत्य और अहिंसा दोनों को अपनाने के लिए किसी संगठन, संस्था और सहयोगी साथी की भी जरूरत नहीं है। निर्भय होकर स्वावलंबी जीवन सत्यनिष्ठ और अहिंसक तरीके से जीना ही जीवन का प्राकृतिक स्वरूप है।

गांधी ने जरूरत और लोभ-लालच के भेद को समझाया। सादगी पूर्ण आवश्यक पोषण-भोजन, रहन-सहन और सहजता-सरलता से अपने गांव बसाहट में स्थानीय लोगों और साधनों की व्यक्तिगत और सामूहिक शक्ति से जीने के प्राकृतिक और विकेन्द्रीकृत तरीके को ही रामराज्य की संज्ञा दी। गांधी ने व्यक्ति के अंदर-बाहर समाहित राम को समझा और आजादी के आन्दोलन में प्रार्थना सभा के माध्यम से व्यक्ति और समाज के मन में समाये रामतत्व की प्राण-प्रतिष्ठा करके आजादी की अहिंसात्मक अवधारणा को भारतीय मानस में लोकाधारित करने का सिलसिला खड़ा किया।

जीवन की जरूरत और लोभ-लालच को समझाते हुए महात्मा गांधी ने कहा कि हमारी धरती मां में प्राणीमात्र की जरूरत पूरी करने की क्षमता है, पर किसी एक के भी लोभ-लालच को पूरा करने की नहीं। भोजन को लेकर गांधी ने सहज सूत्र समझाया- भूख लगने पर खाना प्रकृति है और बिना भूख के खाना विकृति है। गांधी ने जीवन के सार के रूप में ही सत्य और अहिंसा, साध्य और साधन की शुद्धता और मन की स्वच्छता की आजीवन साधना को जाना-समझा। गांधी अपने जीवन में न तो प्रशंसा से फूले और न ही आलोचना या गाली पर ध्यान दिया। गांधी का मानना था कि किसी ने आपको गाली दी और आपने गाली का प्रत्युत्तर दिया तो गाली देने वाले को सफलता मिली, पर यदि आपने गाली पर ध्यान ही नहीं दिया तो गाली देने वाले की गाली निष्फल हो गई। यही व्यवहारिक एकाग्रता और ध्यान है।

शुक्रवार 30 जनवरी 1948 की शाम प्रार्थना सभा में शामिल होने से साकार गांधी के शरीर को प्रणाम करने का स्वांग रचते हुए गोली मारने वाले को भले ही रोका न जा सका हो पर 'हे राम' शब्द का अंतिम उच्चारण कर महाप्रयाण पर जाने वाले निराकार गांधी के सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और अभय को लोकसमाज के मन से कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन और सभ्यता गोली और गाली के बल पर रोक या समाप्त नहीं कर सकती।

## राजनैतिक शिष्टाचार की जरूरत

प. बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में आयोजित एक रैली में राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जतलाते हुए कहा कि- 'जब आपके बच्चे स्कूल से वापस आ रहे हैं तो वे कुछ भी जवाब नहीं दे सकते हैं। आप उन्हें थप्पड़ मार रहे हैं और उनसे सवाल कर रहे हैं कि स्कूल में क्या पढ़ा है। अपने बच्चों को थप्पड़ मारने के बजाय, ममता बनर्जी को थप्पड़ मारें क्योंकि उन्होंने शिक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया है।' मूलतः बांग्ला में दिए इस बयान को सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है और इस पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच टकराव और बढ़ चुका है। विपक्षी दल का मुखिया होने के नाते सुकांत मजूमदार को सरकार के फैसलों की समीक्षा करने, नीतियों की आलोचना करने और कमजोरियों की ओर सरकार का ध्यान दिलाने का पूरा हक है। लोकतंत्र में इसी लिहाज से मजबूत विपक्ष को जरूरी भी माना गया है। लेकिन ये मजबूती मौखिक नहीं व्यावहारिक तौर पर नजर आनी चाहिए। अपने राज्य की मुख्यमंत्री को थप्पड़ मारने जैसे बयान देना विपक्षी धर्म का पालन नहीं है, बल्कि यह विरोधी के लिए नफरत का इजहार है। कुछ ऐसी ही नफरत प.बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व तृणमूल कांग्रेसी सुवेंदु अधिकारी ने राहुल गांधी के लिए दिखाई।

गौरतलब है कि श्री गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। यात्रा अभी बिहार में है, इससे पहले प.बंगाल और पूर्वोत्तर में थी। असम में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के शासन में पनपे भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने बताया था कि कैसे हरेक संसाधन पर कुछ मुट्ठी भर लोगों का ही कब्जा हो गया है और इसके उदाहरण के लिए उन्होंने बताया था कि जिस स्टोव में आप सुबह चाय गर्म करने के लिए कोयला जलाते हो, वो कोयला भी किसका है। राहुल गांधी एक व्यापक मुद्दे को जनता के सामने रख रहे थे, लेकिन सिगड़ी या अंगीठी की जगह उन्होंने स्टोव शब्द का इस्तेमाल किया तो भाजपा ने इसे फिर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भुनाना शुरू कर दिया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने श्री गांधी को सोशल मीडिया पर घेरते हुए लिखा- स्टोव पर कोयला? आपके आलू से सोना बनाने वाली बात से हम उबर ही रहे थे कि आपने स्टोव में कोयला डालकर हमें असमंजस में डाल दिया। इसके बाद और भी कई भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी का मजाक उड़ाया। भाजपा के ट्विटर हैंडल पर इसे डाला गया और मुख्यधारा के मीडिया ने भी बिना जांच-पड़ताल राहुल गांधी को कमअक्ल साबित कर दिया। जबकि ऑक्सफोर्ड शब्दकोष के मुताबिक स्टोव का एक अर्थ धातु का एक बंद बक्सा है, जिसमें कोयला, लकड़ी आदि डालकर गर्म किया जाता है।

दरअसल भाजपा और उसके समर्थक पत्रकारों के लिए मुद्दा सिगड़ी या अंगीठी कहने की बजाए स्टोव कहने का था ही नहीं, उन्हें किसी भी तरह राहुल गांधी को नीचा दिखाना था। इसी राजनीति के तहत सुवेंदु अधिकारी ने भी राहुल गांधी पर कैमरे के सामने बरसते हुए कहा कि 'मैं पिछले चार दिनों से लगातार राहुल गांधी के बारे में सुन रहा हूं। वह कौन हैं?' कुछ दिन पहले उन्होंने कहा था कि वह सुबह चाय बनाने के लिए चूल्हे पर कोयले के टुकड़े डालते हैं. ये कोई तथ्य है कि कोयला चूल्हे पर डाला जा सकता है, ये मेरी जानकारी या समझ से परे था।' इसी बयान के बीच में श्री अधिकारी ने राहुल गांधी के लिए एक अपशब्द का प्रयोग किया, जिसे बीप की आवाज के जरिए वीडियो में दबाया गया। कल्पना की जा सकती है कि देश की सबसे बड़ी और सबसे ताकतवर पार्टी के नेता ने कैसी भाषा का इस्तेमाल किया होगा, जिसे सार्वजनिक तौर पर सुना भी नहीं जा सकता।

# नीतीश ने पाला बदलकर विपक्षी एकता की जड़ें हिला दीं

**अशोक मधुप**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार)**



आखिर बिहार में नीतीश और उनके जदयू ने विपक्ष के गठबंधन आईज्.एनज्.डी.आई.ए. से अपना नाता तोड लिया। नीतीश कुमार विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया अलायंस के सूत्राधार रहे हैं। उन्होंने ही भाजपा के विरूद्ध विपक्ष को एकजुट करने की शुरूआत की। एक दूसरे के धूर विरोधी दलों को एक साथ बैठाया, ऐसे में उनके पलटी मार देने से इस गठबंधन को लेकर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। नीतीश को बिहार का पलटू राम कहा जाता है, पलटू राम इस बार पलटीमार कर विपक्ष की एकता की जड़े ही हिंला गए। उनके भाजपा के साथ जाने से जनता में साफ संदेश गया कि ये एका सिद्धांत का नही स्वार्थ का था। नीशीथ का प्रयास विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का उम्मीवार बनने का था। उसमें असफल होने और अपने प्रदेश में हुए घटनाक्रम के कारण वे अपनी मुख्यमंत्री की कुर्सी बचाने के लिए भाजपा के साथ चले गए।

नीतीश कुमार ने खुद विपक्षी दलों को एकजुट करने में पिछले कई माह काफी मेहनत की थी। उन्होंने शुरूआत में ऐसे दलों को कांग्रेस के साथ बिठाने में कामयाबी हासिल की जो राहुल गांधी और उनकी पार्टी को लेकर सवाल उठाते रहे थे। नीतीश कुमार पश्चिम बंगाल में सरकार चला रहीं ममता बनर्जी, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को साथ लाने में कामयाब रहे। पटना में गठबंधन की पहली बैठक कराने को भी उनकी कामयाबी माना गया। दूसरी बैठक के बाद से ही नीतीश कुमार के असहज होनी की चर्चा शुरू हो गई। तब कांग्रेस फ्रंट फुट पर आती दिखी। रिपोर्टों में दावा किया गया कि गठबंधन संयोजक न बनाए जाने से वो नाखुश हैं। विपक्षी गठबंधन का नाम इंडिया रखने को लेकर भी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि नीतीश कुमार ने शिकायत की थी कि उनसे सलाह नहीं ली गई। उनका मानना था कि इंडिया में एनडीए आता है, इसलिए ये नाम न रखा जाए, किंतु उनकी नही सुनी गई। हालांकि, नीतीश कुमार ने अपनी नाराजगी की रिपोर्टों को खारिज कर दिया था।

रविवार को बीजेपी के अगुवाई वाले गठबंधन एनडीए के साथ जाने का फैसला करने के बाद खुद नीतीश कुमार ने अपनी असहजता को साफ बयां किया कि ह्यकुछ ठीक नहीं चल रहा था। दरअस्ल यह चाहते थे कि उन्हें गठबंधन का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया जाए, किंतु 19 दिसंबर को हुई इंडिया गठबंधन की बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए सुझाए जाने पर उन्होंने कोई प्रतिक्रिया तो नही दी किंतु उनका गठबंधन से मन उचटने लगा। उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस विपक्षी गठबंधन पर हावी होना चाहती है। राहुल की भारत न्याय यात्रा ने इस विद्रोह में आग में घी का काम किया। कायदे ये यात्रा उन प्रदेशों में निकलनी चाहिए थी, जहां कांग्रेस की सरकार हैं। बिपक्षी दलों के सरकार वाले प्रदेश में स्थानीय दल की मर्जी से उसे साथ लेकर ये यात्रा की जानी चाहिए थी।किंतु ऐसा नही हुआ। बंगाल में यात्रा पहुंचने पर ममता बनर्जी को लगा कि उन्हें कमजोर करने के लिए उनके प्रदेश से यात्रा निकाली जा रही है। जरा-जरासी बात पर नाराज होने वाली ममता इस यात्रा के बंगाल में आते ही उछल गईं। उन्हें लगा कि राहुल और कांग्रेस इसके माध्यम से उन्हें कमजोर करना चाहती है। सो उन्होंने बंगाल में अकेले अपने बूते पर पूरे प्रदेश में चुनाव लडने की घोषणा कर दी। यात्रा बिहार में भी आनी थी। बिहार में नीतीश को अपने सहयोगी रहे लालू यादव के रवैये से लगा कि वह उनकी पार्टी में तोड़फोड़ करना चाहते हैं। दरअस्ल नीतीश कुमार के इस पलट के पीछे उनकी पार्टी में चल रही राजनीति थी। नीतीश कुमार को पिछले महीने इसकी भनक तब लगी जब पार्टी के कुछ विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर मीटिंग की थी। इसके साथ ही नीतीश ने तेजी दिखाते हुए ललन सिंह को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटा दिया था तथा खुद पार्टी के अधयक्ष बन गए थे। तभी से कयास लगाए जा रहे थे कि उनकी पार्टी में सब कुछ सही नही चल रहा है और उनके और लालू यादव के रास्ते अलग होने वालें हैं। लालू यादव नीतीश पर दबाव दिए थे कि वे तेजस्वी को मुख्य मंत्री बनाए। नीतीश कुमार ने रविवार को बिहार के महागठबंधन से अलग होकर बीजेपी की अगुवाई वाले एनडीए का हाथ थाम लिया। दोनों ने मिलकर सरकार बना ली। शपथ भी हो गई। ये भी तै हो गया कि जदयू और भाजपा मिलकर बिहार में लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। बीजेपी का प्रयास था कि वह विपक्ष की एकता तोड़ सके, सो वह उसमें कामयाब हो गई। उसने बड़ा सोच समझकर ये निर्णय लिया। भाजपा को नीशीथ के साथ लेने से लोकसभा चुनाव में बिहार में फायदा ही होगा नुकसान नही। दूसरे विपक्ष में टूट करके वह इस टूट का फायदा उठाने में लग गई है। उसने प्रचार शुरू कर दिया कि ये स्वार्थ का गठबंधन है। बिहार में सत्ता परिवर्तन के तुरंत बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि ह्यइंडी अलायंसह्ल सैद्धांतिक रूप से असफल हो चुका है। नड्डा ने पत्रकारों से कहा, ह्लहम पहले भी कह चुके हैं कि इंडिया अलायंस अवित्र, गैरवैज्ञानिक है और यह ज्यादा दिन तक नहीं चलेगा। और भारत जोड़ो यात्रा जो बेनतीजा समाप्त हुई और अभी की इनकी अन्याय यात्रा और भारत तोड़ो यात्रा और इंडी अलांयस है, यह सैद्धांतिक तौर पर विफल हो चुका है।ह्व ये माना जाता है कि उनका संकेत विपक्षी गठबंधन में उनकी भूमिका को लेकर असमंजस की ओर था।

नीतीश के निर्णय से पहले ही टीएमसी भी बंगाल में अकेला चलो की राह पर निकल गई। पंजाब में आप कह ही चुकी है कि वह वहां अकेले चुनाव लड़ेगी। उत्तर प्रदेश में अखिलेश कांग्रेस को 11 सीट से ज्यादा देने को तैयार नही। नीतीश कुमार के रुख को एकजुट होने में लगे सभी विपक्षी दल आश्चर्य में हैं। कांग्रेस अब भी असमंजस में दिख रही है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा, ह्यजिस इंडिया गठबंधन के लिए 23 जून को नीतीश कुमार जी ने विपक्ष की 18 पार्टी को निमंत्रण दिया था, जिसकी पटना में बैठक हुई, फिर जुलाई में बंगलुरु में बैठक हुई, उसके बाद अगस्त में मुंबई में बैठक हुई और तीनों बैठकों में नीतीश जी का बड़ा योगदान रहा। तो हम मान कर चल रहे थे कि वो बीजेपी के खिलाफ लड़ेंगे।

दरअस्ल गैर सिद्धांत की एकजुटता में ऐसा ही होता है। यह एकता सिद्धांत को लेकर नही थी। स्वार्थ की एकता थी। मतलब का संबंध था। सब इसलिए एक हुए थे, कि लोक सभा चुनाव में भाजपा को हराना है, इसलिए ये टूटना ही था। टूटने लगा। इससे पहले भी जब-जब ऐसी एकता हुई है तब झ तब स्वार्थ के कारण यह टूटी है। इंदिरा गांधी को हराने के लिए हुआ एका हो या राजीव गांधी को सत्ता से बाहर रखने के लिए किया गया गठबंधन। सब की परिणाम सदा टूटना और बंटना रहा है।

# राजनीति की नहीं रेल की बात भी कीजिये

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com
**************




भारत में आजकल अनुशासन के बजाय दुःशासन पर्व चल रहा है। अनुशासन पर्व आज की पीढ़ी के लिए एक अनजान शब्द है लेकिन जो छठवें-सातवें दशक में जन्मी पीढ़ी है उसे पता है कि अनुशासन पर्व किस चिड़िया का नाम था ? अनुशासन पर्व हालाँकि देश पर थोपे गए 'आपातकाल' का एक नारा था लेकिन इस नारे के फलस्वरूप पूरा देश पटरी पर थ। रेल से लेकर सरकारी दफ्तर तक। आज देश में 'आपातकाल' नहीं है शायद यही वजह है की देश बेपटरी हो रहा है और एक-एक दिन में देश की एक-दो, दस नहीं बल्कि 400 रेलों को रद्द किया जा रहा है। अनुशासन पर्व में पहली बार रेलें घड़ी की सुई का कांटा मिलाकर चलती थीं

दरअसल रेलों के बेपटरी होने की वजह मौसम के अलावा कुप्रबंधन भी है लेकिन कोई इस बारे में बात नहीं करना चाहता, क्योंकि सब राजनीति में उलझे है। सत्तापक्ष तो 365 दिन चुनाव प्रबंधन में उलझा रहता है और विपक्ष अपना वजूद बचाने की तैयारी में। बचा-खुचा समय राम जी की स्तुति में निकल रहा है। देश की फिक्र किसी को नहीं है। देश की फिक्र करना आजकल अपराध है। आजकल केवल और केवल कुर्सी की फिक्र करने की छूट है। भारतीय रेल गनीमत है कि आज की सरकार की उपलब्धियों में शामिल नहीं है ये आजादी के बाद और 2014 के पहले कि सरकारों की उपलब्धि है। इसके विकास में सबसे बड़ा योगदान कांग्रेस कि सरकारों का है। भारतीय रेल एक लाख किलोमीटर से कहीं ज्यादा लम्बी पटरियों पर दौड़ते हुए हर दिन कोई ढाई करोड़ लोगों को आवागमन की सुविधा मुहैया करने वाली एक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली है। यानि हमारी रेलें प्रति दिन जीतनीई सवारियां ढोती है उतनी तो ऑस्ट्रेलिया की आबादी भी नहीं है। दुर्भाग्य से एक दशक पहले तक जो रेल आम भारतीय की रेल थी वो अब धीरे-धीरे आम आदमी के लिए अलभ्य होती जा रही है। एक दशक में रेलवे को आधुनिक बनाने की तमाम कोशिशों में एक कोशिश इसके निजीकरण की थी किन्तु इस मोर्चे पर सरकार कामयाब नहीं हो पायी। सरकार चीन की तर्ज पर बुलट ट्रेने भी नहीं चला पायी किन्तु उसके स्थान पर वन्दे भारत रेलें चलीं जो समय पर नहीं चल पा रहीं। ये वंदे भारत रेलें महंगी हैं सो अलग, लेकिन इस मुद्दे पर कोई बोलने वाला नहीं। आंदोलन करने वाला नहीं।

रेलवे की आधिकारिक जानकारी के मुताबिक 26 जनवरी को जिस दिन देश भारतीय गणतंत्र दिवस की हीरक जनयन्ति मना रहा था उस दिन भारतीय रेलवे ने 372 ट्रेनों को रद्द कर दिया। अगले दिन भी रेलवे ने 304 ट्रेनें रद्द की थी।

रद्द होने वाली रेलों में पैसेंजर, मेल और एक?सप्रेस गाड़ियां शामिल हैं। दुर्गियाना एक?सप्रेस, लिच?छवी एक?सप्रेस, हमसफर एक?सप्रेस और झारखंड एक?सप्रेस सहित लंबी दूरी तय करने वाली कई रेलें ही नहीं दिल्ली से राजधानियों के बीएच चलने वाली वनदे भारत रेलें भी इसमें शामिल हैं। कड़ाके की ठंड में ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों की परेशानियां बढ़ गई हैं लेकिन देश की सत्ता बिहार और झारखण्ड को हिलाने में लगी है। देश में इतनी बड़ी संख्या में रेलें रद्द होने का ये नया इतिहास है।

रेलें रद्द होने से रेलवे को कुल कितना नुकसान हो रहा है इसका कोई आधिकारिक आंकड़ा हमारे पास नहीं है। लेकिन ये आंकड़े जरूर हैं कि एक ही मंडल में प्रतिदिन 20 हजार से ज्यादा टिकट केंसिल कराये जा रहे हैं और किराया वापस किया जा रहा है। देश में रेल के डेढ़ दर्जन से ज्यादा मंडल हैं। ये नुकसान करोड़ों में है लेकिन किसी को कोई फिक्र नहीं। वर्ष 2016 से रेलवे का अपना बजट भी सरकार ने पेश करना बंद कर दिया है। अब आपको पता ही नहीं चल पाता की रेलवे कि सेहत कैसी है ? आप एक दशक पहले जितने किराये में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन तक पैसेंजर रेल से जा सकते थे अब उतना पैसा तो प्लेटफार्म टिकिट का है। रेलवे की पार्किंग हवाई अड्डे की पार्किंग की तरह महंगी हो चुकी है। रेलवे स्टेशन निजी कंपनियों को ठेके पर दे दिए गए हैं। किराया, टिकिट आरक्षण और निरस्तीकरण तक महंगा कर दिया गया है। अनारक्षित रेलों और दूसरी रेलों में अनारक्षित कोच की संख्या में लगातार कमी की जा रही है और इसका खमियाजा भुगत रहा है वो आम आदमी जो रामभक्त है।

इस समय रेलों को रद्द किये जाने की एक वजह मौसम और दूसरी वजह अयोध्या है। सरकार ने रामभक्तों को रामलला के दर्शन करने के लिए तमाम रेलों का मुंह अयोध्या की और मोड़ दिया है। अयोध्या के लिए विशेष रेलें चलाई जा रहीं हैं, लेकिन इसके लिए दूसरी रेलों का संचालन रद्द किया जा रहा है। आपको बता दूँ कि भारतीय रेलवे में 12147 इंजिन, 74003 यात्री डिब्बे और 289185 मालवहक डिब्बे हैं भारत में 8702 यात्री ट्रेनों के साथ प्रतिदिन कुल 13523 ट्रेनें चलती हैं। भारतीय रेलवे में 300 रेलवे यार्ड, 2300 माल ढुलाई और 700 वर्कशाप हैं। कीर्तिमान की द्दष्टि से देखें तो भारतीय रेल दुनिया की चौथी सबसे बड़ी रेलवे सेवा है। 12.27 लाख कर्मचारियों के साथ, भारतीय रेलवे दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी व्यावसायिक इकाई है। लेकिन भारत सरकार ने इसकी ऐसी-तैसी कर रखी है।

देश की मौजूदा सरकार ने हालाँकि हर साल रेल बजट में इजाफा किया है किन्तु प्रबंधन के लिहाज से उसे कामयाबी नहीं मिल रही है। पिछली बार सरकार ने सवा लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट रेलवे के लिए जारी किया था, इस बार अगर इसमें 25 फीसदी का इजाफा हो जाता है तो ये सरकार के रेलवे की सूरत बदलने के प्रयासों के मुताबिक ही होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि ये रेलवे बजट इस साल करीब 3 लाख करोड़ रुपये के आवंटन के स्तर तक जा सकता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2018-19 में 55,088 करोड़ रुपये, वर्ष 2019-20 में 69,967 करोड़ रुपये, वर्ष 2020-21 में 70,250 करोड़ रुपये और वर्ष 2021-22 में 1.17 लाख करोड़ रुपये रेलवे को आवंटित किये थे। इसके बावजूद भारतीय रेल आम आदमी कि पहुँच से लगातार दूर हो रही है। आने वाले दिनों में भारतीय रेलों की सूरत क्या होगी, कोई नहीं जानता क्योंकि भर्ती रेल विमर्श से बहुत दूर जा चुकी है। संयोग से मुझे चीन की रेलों में यात्रा करने का अवसर मिला है, इसके आधार पर मै कह सकता हूं कि हम रेल सुविधाओं और रेल सेवाओं के मामले में चीन से कोसों दूर हैं भले ही हमने चंद्रयान और सूरज को जान्ने के लिए यान छोड़ लिए हैं। हमारी रेलें सुरक्षा, सफाई, खानपान समयबद्धता के मामले में चीन की रेलों से कोसों पीछे हैं। हमारे यहां जिस गति से रेल सेवाओं का उन्ननयन हो रहा है उसे देखते हुए कहा जा सकता है कि हम नौ दिन चले अढ़ाई कोस की कहावत को चरितार्थ कर रहे है। और ये सब तब है जब कि रेल की हरी झंडी हमारे भाग्य विधाताओं के हाथ में है।

# भविष्य के सुनहरे परिदृश्य दिखाए अंतरिम बजट

-: ललित गर्ग:-

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल के अन्तिम अंतरिम बजट की घोषणाओं से भविष्य में राष्ट्र किन दिशाओं में आगे बढ़ेगा, उसकी मंशा एवं दिशा अवश्य स्पष्ट होगी। भले अंतरिम बजट की अपनी सीमाएं होती हो, ऐसे बजट में किसी नई योजना को लागू नहीं किया जाता हो, फिर भी आगामी लोकसभा चुनाव एवं अर्थव्यवस्था को बल देने की दृष्टि एवं राह इस बजट में दिखेगी। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से यह बजट दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को पटरी पर तेज दौड़ाने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत होने वाला अंतरिम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय होगा क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। बुनियादी ढांचागत विकास को प्राथमिकता देने के लिये हमें मौजूदा सरकार की सराहना करनी ही चाहिए। आर्थिक वृद्धि को आवश्यक आधार प्रदान करने के साथ ही बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से भी आवश्यक होती है। मोदी के विजन में जहां ह्यहर हाथ को कामह्ल का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ल का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। श्रम शक्ति की ओर ज्यादा तवज्जों देने की जरूरत है। जीडीपी देश के आम नागरिकों की समृद्धि का पैमाना नहीं है। जिस पैमाने से देश के आम लोगों की समृद्धि मापी जाती है उसे प्रति व्यक्ति आय कहते हैं। इसमें दिहाड़ीदार मजदूर, कामकाजी लोग, महिलाओं की स्थिति से लेकर औद्योगिक घराने की कमाई तक सब शामिल रहते हैं। बहुत सारे लोग औसत से अधिक कमाते हैं और बहुत सारे लोग कम। देखना यह है कि आम आदमी को कितना लाभ पहुंचता है। उम्मीद है कि निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट से क्या-क्या निकलता है।

निश्चित ही यह बजट चुनावी बजट भी है। इंडिया गठबंधन में टूट-फूट के चलते भाजपा की चुनावी संभावनाएं कहीं अधिक बेहतर एवं उजली नजर आ रही है। अनुकूल चुनावी संभावनाओं के चलते अंतरिम बजट में ऐसे कदम उठाए जाने आवश्यक है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था को बल मिले। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरिम बजट से पहले सरकार की ओर से रविवार को जारी की गई रिपोर्ट ह्यइंडियन इकॉनमी- अ रिव्यूह्ल में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। रिपोर्ट में इसे हासिल होने लायक लक्ष्य बताते हुए उन चीजों का जिक्र किया गया है, जो इसे मुमकिन बना सकते हैं। अंतरिम बजट में इसके लिये सकारात्मक नजरिये को बल मिलना ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। भारत फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक वित्तीय संस्थान मॉर्गन स्टेनली ने भी ऐसी ही भविष्यवाणी की थी।

हर आम बजट से पहले आर्थिक सर्वे सरकार के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। अंतरिम बजट के कारण यह आर्थिक सर्वे नई सरकार बनने के बाद पेश किए जाने वाले पूर्ण आम बजट से पहले आएगा लेकिन वित्त मंत्रालय ने अर्थव्यवस्था की चमकदार तस्वीर पेश करते हुए रिपोर्ट जारी की है। यह रिपोर्ट मुख्य आर्थिक सलाहकार के कार्यालय के अधिकारियों द्वारा तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था 10 वर्ष में पांचवें नम्बर पर पहुंच गई है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि अगले तीन साल में देश की अर्थव्यवस्था तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएगी और 2030 तक अर्थव्यवस्था 7 ट्रिलियन की हो जाएगी। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के आकार का मानक उस देश की जीडीपी होती है और बीते 10 वर्षों में भारत की जीडीपी ने तेज उछाल दर्ज की है।

## ठोकिया के परिजनों पर एसएचओ की हमदर्दी समझ से परे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मारे गये पांच लाख रुपये के ईनामी डकैत ठोकिया के परिजनों के प्रति भरतकूप थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द इन दिनों खासे मेहरबान नजर आ रहे हैं। इस डकैत ने 22 जुलाई 2007 की रात में पुलिस के आठ जवानों की हत्या की थी।

डकैत ठोकिया के परिजनों के प्रति थानाध्यक्ष सूबेदार बिन्द की हमदर्दी के क्या कारण हैं? जबकि बन्दरी गांव के विष्णु शुक्ला की तहरीर पर ठोकिया के परिजन निर्भय कुमार, पंकज पटेल, राजेश, दिनेश कुमार व दो अन्य के खिलाफ एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर राहजनी, गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला 29 जनवरी को भरतकूप थाने में दर्ज हुआ है। आरोपियों को थानाध्यक्ष ने शान्तिभंग में चालान कर मामले की इतिश्री की है। थानाध्यक्ष ने आरोपियों को भरोसा दिया है कि वे इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा देंगे।

पांच लाख रुपये के मारे गये ईनामी डकैत ठोकिया के परिजनों पर थानाध्यक्ष की मेहरबानी समझ से परे है, जबकि ठोकिया ने पुलिस के आठ जवानों की हत्या भी की है। फिर भी उसके परिजनों के प्रति थानाध्यक्ष की हमदर्दी के निहित कारण क्या हैं? एसपी के आदेश पर दर्ज मामले में लीपापोती के पीछे क्या उद्देश्य है।

## चोर को दबोच बरामद किये दस हजार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में थानाध्यक्ष पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर एक चोर को चोरी के दस हजार रुपये समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 30 जनवरी को पहाडी थाने के नांदी गांव के राजेश कुमार मिश्रा पुत्र रामप्रताप मिश्र ने थाने में सूचना दी कि उनकी गाड़ी की सीट में बैग में रखे 50 हजार रुपये अज्ञात चोरों ने चुरा लिये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा परशुराम यादव को सौंपी।

दरोगा ने 24 घंटे के अन्दर रामलखन पुत्र रामखेलावन निवासी नांदी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के दस हजार रुपये समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा परशुराम यादव, सिपाही विवेक राजा शामिल रहे।

## अंतरजनपदीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा , चार के कब्जे से चोरी की चार बाइकें बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय बाइक चोर गैंग का खुलासा कर चार के कब्जे से चोरी की चार बाइकों समेत दबोचा है।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को कोतवाली में तैनात दरोगा अनिल कुमार गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि चार चोर हनुमान धारा की ओर से देवांगना की ओर चोरी की बाइकें लेकर आ रहे हैं। दरोगा की टीम ने देवांगना घाटी से चारों को दबोच लिया। इनके कब्जे से चार मोटरबाइकें बरामद की। बरामद मोटरबाइकों बाबत पूंछतांछ में बताया कि चारों कर्वी में किराये के घर में रहते हैं। गिरोह बनाकर जिला व सीमावर्ती जिलों में भीड़-भाड़ के स्थानों से मोटरबाइकों को चोरी कर बेंच देते हैं।

बरामदगी पर धारायें बढाई। दबोचे चोरों में रोहित कुमार पुत्र देवीदयाल निवासी मसनी पुरवा मजरा भौंरी थाना रैपुरा, प्रियांश यादव पुत्र रामदत्त यादव निवासी अरवारा, सुधीर पटेल पुत्र संतोष पटेल निवासी लालपुर पुरैनिया थाना कालिंजर जिला बांदा व नर्मदा प्रसाद पुत्र लल्लू राजपूत निवासी गजहा मजरा ऐंचवारा थाना बहिलपुरवा हैं। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही कुलदीप द्विवेदी, पियूष शरण श्रीवास्तव, रोहित यादव व धीरेन्द्र किशोर शामिल रहे।

## गठबंधन की कार्यशैली पर भाकपा नेता ने उठाये सवाल, भाजपा को हराना कठिन, पंगु बना है गठबंधन: अमित



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भाकपा यूपी कार्यकारिणी सदस्य/जिला सचिव का अमित यादव ने कहा कि अस्तव्यस्त हालात में इंडिया गठबंधन प्रदेश में लक्ष्यों को हासिल नहीं कर सकता। जिस राज्य में भाजपा की चुनौती सबसे ज्यादा है। लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष शक्तियों की एकता की जहां जरूरत है, वहां ये गठबंधन निष्क्रिय है। कुछ दलों की मनमानी व आपाधापी का शिकार है।

बुधवार को भाकपा जिला सचिव का अमित यादव ने जारी बयान में कहा कि वामपंथी दल गठबंधन के हिस्से हैं। वैचारिक संगठनात्मक तथा आंदोलनात्मक उच्चता के चलते गठबंधन की सफलता को अपरिहार्य हैं। प्रदेश के जिम्मेदार दलों ने अभी तक न तो गठबंधन के घटक दलों की बैठक बुलाई, न वामदलों से कोई संपर्क साधा है। वामदल प्रदेश में डेढ़ दर्जन लोकसभा सीटों पर पिछला चुनाव लड़ चुके हैं। हैरानी जताई कि गठबंधन के नेता एकतरफा अन्य दलों की सीटों का कोटा घोषित कर रहे हैं। धर्मनिरपेक्ष खेमे की महत्वपूर्ण शक्तियों की उपेक्षा कर रहे हैं। एकतरफा ढंग से कुछ सीटें घोषित कर दी गई हैं। कई सीटों पर भाकपा भी लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। संपर्क सूत्रों के जरिये गठबंधन के घटक दलों को समय-समय पर देती रही है।

उन्होंने कहा कि हाल मे हुये मप्र, राजस्थान, छतीसगढ़ विधान सभा चुनाव जैसी स्थिति बन रही है। वामपंथी व अन्य धर्मनिरपेक्ष दलों की उपेक्षा का परिणाम सबके सामने है। निश्चय ही लोकसभा चुनाव में उप्र में भाजपा को हराना कठिन काम है। भाकपा व वामपंथ संविधान, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता की रक्षा को प्रतिबद्ध है। इस लक्ष्य को हासिल करने को लोकतांत्रिक संघर्ष में हिस्सेदारी चाहते हैं।

# पुलिस विभाग को दिया है जीवन का अमूल्य समयः एसपी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ अपराध गिरेंद्र कुमार सिंह की मौजूदगी में पुलिस विभाग में सेवा पूर्ण करने वाले अधिकारी के विदाई समारोह में दरोगा रामाश्रय सिंह को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर भावभीनी विदाई दी।

बुधवार को दरोगा रामाश्रय प्रसाद की विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस विभाग में लम्बे समय तक सेवा दी है। अब घर जाकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लगातार व्यायाम करते रहें। कभी पुलिस की जरूरत हो तो ये विभाग हमेशा उनकी मदद को तैयार रहेगा। जीवन का अमूल्य समय विभाग को दिया है। पुलिस विभाग की ओर से उनके सुखद जीवन व परिवार की तरक्की की कामना करते हैं। इस मौके पर प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, वाचक पुलिस अधीक्षक निरीक्षक परितोष दीक्षित, प्रधान लिपिक आनंद मोहन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी घोषित होने से चर्चाओं का बाजार गर्म

## अब भाजपा किसे बनायेगी प्रत्याशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी से लोकसभा के प्रत्याशी/पूर्व मंत्री शिवशंकर सिंह पटेल के घोषित होने से राजनैतिक लोगों में भाजपा प्रत्याशी को लेकर चर्चायें शुरू हो गई हैं। कुछ लोग मानते हैं कि बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट अपना दल के खाते में जायेगी, जबकि यहां अपना दल का कोई जनाधार नहीं है- ये जरूर है कि उनके जातीय मतदाता पर्याप्त हैं।

बांदा-चित्रकूट लोकसभा के सपा प्रत्याशी शिवशंकर सिंह पटेल के घोषित होने से व्हाट्सअप ग्रुप में यादव समाज के लोग उनका तीखा विरोध जता रहे हैं, वहीं राजनैतिक दलों के लोगों के बीच चचाओं का बाजार खासा गर्म दिख रहा है। लोगों ने कहा कि भाजपा अब किसे प्रत्याशी घोषित करेगी, एक पटेल प्रत्याशी के आने से मौजूदा सांसद आरके सिंह पटेल की प्रत्याशिता के प्रति कुछ लोग आश्वस्त हैं तो कुछ लोग संशय जता रहे हैं। कुछ का मानना है कि शिवशंकर सिंह पटेल बबेरु तक सीमित रह जायेंगे, जबकि सांसद आरके सिंह पटेल की पूरे संसदीय क्षेत्र में लोकप्रियता है और भाजपा के मतदाताओं की भरमार है। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी तो सिर्फ सांसद आरके सिंह पटेल ही होंगे, जबकि ज्यादातर लोगों का मानना है कि ये सीट अपना दल के खाते में जायेगी तो बडे सौदागर इस सीट को पाने में सफल हो जायेंगे। वे अपना दल से टिकट लेकर पूरे पांच साल जनता से दूरी बनाकर रहेंगे। इनमें खासतौर पर पूर्व विधायक आनन्द शुक्ला व पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी का नाम उभरकर सामने आता है। लोग मानते हैं कि मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी बांदा-चित्रकूट से अपना दल खाते में जाने पर लोकसभा का टिकट अपने चाचा/पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी के लिए लेने में सफल हो जायेंगे।

पूर्व सांसद रमेशचन्द्र द्विवेदी नरैनी से विधायक व बारहवीं लोकसभा के सांसद भी रहे हैं। उनका बात-व्यवहार भी कुशल है। उनकी किसी से कोई राजनैतिक प्रतिद्वन्दिता भी नहीं हैं। चचाओं में तो लोग ये भी कहते हैं कि बांदा-चित्रकूट लोकसभा में भाजपा किसी युवा को प्रत्याशी बना सकती है। कुछ भी हो भाजपा ने हमेशा चैंकाने वाले नतीजे ही दिये हैं, इस बार भी भाजपा किसी अन्य को प्रत्याशी बनाकर चैंका सकती है।

# पति व देवर को हत्या-साजिश में झूठा फंसाया

## निष्पक्ष जांच में साबित होंगे निर्दोष



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के गढचपा गांव की दो बार से जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि उसके पति अर्जुन सिंह बघेल व देवर अरुण सिंह, मनीष सिंह परमार व धर्मवीर सिंह को फर्जी ढंग से हत्या के मामले में फंसा दिया गया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

बुधवार को जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि वह भाजपा की सक्रिय कार्यकर्त्री हैं। गांव के अवधेश द्विवेदी पुत्र रामगोपाल द्विवेदी की आकस्मिक मृत्यु पर राजनैतिक विरोधियों ने पुलिस से मिलीभगत कर हत्या व साजिश के मामले में पति व देवरों को फंसा दिया है। पति व देवरों का इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने मांग किया कि किसी भी जांच एजेंसी से निष्पक्ष जांच कराकर पति व देवरों को न्याय दिलाया जाये। उन्होंने इस बाबत मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजा है। कहा है कि झूंठे मामले में फंसाने से उसका पूरा परिवार मानसिक रुप से परेशान है।

उन्होंने कहा कि उसका देवर अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह गांव के प्रधान का प्रतिनिधि है। उसकी छवि को धूमिल करने को ये मामला दर्ज कराया है। गांव के सभी लोगों को पता है कि प्रधान प्रतिनिधि की बढती लोकप्रियता से कुछ झूंठे लोगों की दुकानें बन्द हो गई हैं। इसके चलते उन्हें भी हत्या व साजिश में फंसाया जा रहा है।

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र का करायें सीमांकन: डीएम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में संबंधित अधिकारियों से कहा कि वन विभाग, विद्युत विभाग, बैंकर्स व राजस्व बाबत उद्यमियों ने जो समस्यायें रखी हैं, प्राथमिकता से निस्तारण करायें।

बुधवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने कहा कि जिले में उद्यम लगाने को उद्यमी उत्साहित हैं, ताकि उद्योग लगने से जिले के लोगों को रोजगार मिल सके। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि जिन-जिन विभागों की समस्यायें उद्यमियों ने दी हैं, उन्हें दो दिन के भीतर संबंधितों को भेजकर निस्तारित करायें। निवेश मित्र पोर्टल में जो उद्यमी के पत्र लंबित हैं, उनसे संपर्क कर निस्तारित करायें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर संबंधित बैंकों से कहा कि जिन बैंकों में आवेदन लंबित हैं, तत्काल निस्तारित करें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि सीएफसी के कार्य शुरू करायें। कोई समस्या है तो निराकरण किया जाए। सभी बैंकों ने एक जिला एक उत्पाद, ऋण सहायता योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन में अच्छा कार्य किया है, बधाई के पात्र हैं। भारतीय स्टेट बैंक से कहा कि प्रगति कम है, बढ़ाकर लाभान्वित करायें। जिलाधिकारी ने अभिविहीत अधिकारी को निर्देश दिए की मे सहस्त्र भुज प्राइवेट लिमिटेड के लाइसेंस के लंबित कार्य फरवरी में जारी करायें। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि धारा 116 के तहत तहसील कर्वी में लंबित मामले एसडीएम से रिपोर्ट प्राप्त कर उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने एसडीएम मानिकपुर से कहा कि वन विभाग की भूमि बाबत लंबित मामले में वन विभाग व राजस्व टीम का गठन कर निस्तारित करायें। प्रभागीय वनाधिकारी के साथ बैठकर टाइगर रिजर्व क्षेत्र के तहत आने वाले क्षेत्र का सीमांकन करायें, ताकि जो उद्यमी वहां उद्योग लगाना चाहते हैं, लगा सकें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एसडीएम मानिकपुर रामजन्म यादव, सीओ यातायात लाइंस राजकमल, उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, डीएचओ प्रतिभा पांडेय, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, परियोजना अधिकारी नेडा एके श्रीवास्तव, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक सियाराम द्विवेदी, उप प्रभागीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह समेत कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल सुनील द्विवेदी, गुलाबचंद्र गुप्ता, राहुल गुप्ता, अरुण गुप्ता, फूलचंद कुशवाहा, विवेक अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सरैंया में गांव की जमीन पर हो रहा कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के सरैंया गांव में गौशाला के बगल में गांव सभा की जमीन पर अवैध ढंग से लोग निर्माण कर रहे हैं। जिम्मेदार मूक दर्शक बने हैं। बुधवार को सरैंया गांव की गौशाला के बगल की गांव सभा की जमीन पर कुछ लोग घर बना रहे हैं। अवैध ढंग से घर बनाने पर जिम्मेदार खामोश हैं। बाद में अवैध ढंग से बने घरों को गिराने का मुद्दा उठेगा तो राजनीति शुरू हो जायेगी। अवैध ढंग से घर बनने से पहले ही घर बनाने वालों को रोक दिया जाये तो भविष्य में ये मुद्दा नहीं बनेगा। अवैध ढंग से घर बनाने वालों को गांवसभा की जमीन पर घर बनाने से पहले सोचना चाहिए कि ये घर प्रशासन ढहा भी सकता है। ऐसे में जिम्मेदारों को भी पहल करनी चाहिए, ताकि गांवसभा की जमीन पर अतिक्रमण न हो सके।

## बहुत मायावी है भाजपा सरकार: अनुज



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के भंभई गांव में पीडीए चैपाल में बतौर मुख्य अतिथि सपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बहुत मायावी सरकार है। गरीबों को सरकारी अस्पतालों में बेहतर इलाज नहीं मिल रहा। महंगाई आसमान चूम रही है। भीषण महंगाई में गरीबों को बच्चों को पढ़ाने के लाले पड़े हैं।

बुधवार को वरिष्ठ सपा नेता/पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने चैपाल में कहा कि किसान अन्ना मवेशियों से फसल नहीं बचा पा रहे। पिछड़े समाज के आरक्षण में भाजपा सरकार ने डाका डालना शुरू कर दिया है। शुरूवात शैक्षणिक संस्थानों से की है। सपा शासन काल में यादव वाद का ढिंढोरा पीटने वाली भाजपा सरकार में सभी थानों में एक ही बिरादरी के लोगों को आसीन किये हैं। पूरे प्रदेश में वर्ग विशेष के अपराधियों को सरकार छुट्टा किये है। यही अपराधी प्रदेश के थाने व चैकी चला रहे हैं। चैपाल में पूर्व प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि मौजूदा हुकूमत देश को बाबा साहब के संविधान से नहीं, बल्कि मनु स्मृति से चला रही है। ये बात देश का बच्चा-बच्चा जान चुका है। चैपाल में छात्र नेता रोहित यादव, पूर्व प्रधान राम प्रसाद वर्मा, अजय निषाद, गौतम वर्मा, अनूप यादव, बब्बू सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 24 घंटे में दो को दबोच किया चोरी का खुलासा




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय की अगुवाई में पुलिस ने चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दो चोरों के कब्जे से लोहे से बना अरगडा समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 29 जनवरी को कोतवाली कर्वी के छिपनी बाहरखेडा के फूल सिंह पुत्र सूरजपाल ने कोतवाली में सूचना दी कि अज्ञात चोरों ने गौशाला से लोहे का अरगड़ा चोरी कर ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर विवेचना दरोगा अंशुल कुमार को सौंपी। दरोगा की टीम ने 30 जनवरी को रमेश साहू पुत्र फूलचंद साहू निवासी बनकट मोड़ व राम निहोरी पुत्र चुनवाद निवासी बांधो को चोरी के अरगडा समेत गिरफ्तार किया। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा अंशुल कुमार, सिपाही राहुल देव व रंजीत यादव शामिल रहे।

## नये-नवेले सचिव को मिले सात गांव, मनमानी पर उतारु है सचिव



**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में तैनात सचिव उत्कर्ष सिंह अनुसूचित जाति के प्रधानों को परेशान कर रहा है। इसका वीडियो समाजसेवी सीताराम के बयान से सच सामने आ रहा है।

बुधवार को समाजसेवी सीताराम ने बताया कि मानिकपुर ब्लाक में पहली तैनाती में सचिव उत्कर्ष सिंह एससी प्रधानों को परेशान कर रहा है। गांव के पुराने कार्यों व पानी टैंकर का भुगतान नहीं कर रहा। सचिव की कारगुजारियों से प्रधान परेशान हो चुके हैं। नवनियुक्त सचिव को शासन-प्रशासन व आलाधिकारियों का भय नहीं है। अपनी हठधर्मिता से मनमानी पर उतारु है। इसकी हरकतों पर कौन अंकुश लगाएगा। नए नवेले सचिव को किसके इशारे पर सात गांव दिये गये हैं।

## तीन जुआरी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा इंद्रजीत गौतम ने सुशील कुमार त्रिपाठी पुत्र राम गणेश त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी पुत्र छोटेलाल त्रिपाठी, रमेश पुत्र बबली केवट निवासी गाना अहिरी को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से पांच हजार, ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी में एक हजार रुपये बरामद किये। थाने में जुआरियों पर जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा इंद्रजीत गौतम, सिपाही राहुल पांडेय व प्रवीण पांडेय शामिल रहे।

## दो साल से फरार को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पांडेय की अगुवाई में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह ने दो साल से फरार अपहरण के वांछित मो आदिल पुत्र मो निजाम निवासी मगरवारा थाना श्रीनगर जिला मधेपुरा बिहार को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह व सिपाही पवन राजपूत शामिल रहे।

## 18 क्वार्टर देशी शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा सुरेंद्र कुमार ने हरिश्चंद्र सोनकर पुत्र राम प्रताप सोनकर निवासी गयागंज बढ़ई टोला के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# इजरायली शहर हाइफा पर हमला कर सकता है हिजबुल्लाह : इजरायली रक्षा मंत्री

**तेल अवीव।** इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा है कि आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह उत्तरी इजरायली शहर हाइफा पर हमला कर सकता है। मंगलवार को एक बयान में, गैलेंट ने कहा कि इससे युद्ध हो सकता है।

उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह के पास 150,000 रॉकेट और मोर्टार हैं और वह प्रति दिन संभावित रूप से 8,000 रॉकेट दाग सकता है।

उन्होंने चेतावनी दी कि 7 अक्टूबर, 2023 को हमास जो करने में सक्षम हुआ, यह उससे कई गुना अधिक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिजबुल्लाह के रॉकेट भी अधिक सटीक, लंबी दूरी के और विनाशकारी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्षा विश्लेषकों का मानना है कि अगर आयरन डोम ने 80 से 90 प्रतिशत राकेटों को मार



गिराने की दर बनाए रखी, तो भी हाइफा और कुछ अन्य शहरों को बड़ा नुकसान पहुंच सकता है। इजरायली रक्षा अधिकारियों का अभी भी मानना है कि इजरायल सैन्य दृष्टि से ऐसा युद्ध "जीत" लेगा और लेबनान में अभूतपूर्व स्तर के वायु सेना के हमले कई दिनों या कुछ हफ्तों के भीतर हिज्बुल्लाह की रॉकेट शक्ति को खराब कर देंगे। हालांकि, रक्षा थिंक-टैंक ने कहा कि शुरू में हाइफा सहित उत्तरी इजरायली शहरों को नुकसान होगा, और हिजबुल्लाह हमास की तुलना में अधिक समय तक रॉकेट दाग सकता है। आईडीएफ ने मंगलवार देर रात एक बयान में कहा कि उसके विमान ने दक्षिणी लेबनान के खियाम गांव में हिजबुल्लाह कमांड सेंटर और एक अवलोकन चौकी पर हमला किया। बयान में यह भी कहा गया है कि मंगलवार को इजराइल वायु सेना ने आयता राख-शब और म्हाइबिब में हिजबुल्लाह द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक अन्य अवलोकन चौकी और इमारत पर हमला किया था। हिजबुल्लाह अरब अल-अरामशे क्षेत्र में लेबनान से केवल एक रॉकेट दागने में कामयाब रहा, जो बिना किसी नुकसान के एक खुले क्षेत्र में गिरा। गौरतलब है कि दक्षिणी बेरूत में कथित तौर पर इजरायल द्वारा ड्रोन हमले में शीर्ष हमास नेता सालेह अल-अरौरी की हत्या के बाद, हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह ने इजरायल को चेतावनी दी थी कि वह उचित तरीके से जवाब देगा।

# मेक्सिको में दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग, 20 की मौत, 16 घायल

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सिनालोआ राज्य के राजमार्ग 15डी पर मंगलवार सुबह करीब साढ़े चार बजे डबल डेकर बस और ट्रैक्टर ट्रेलर की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा 16 अन्य घायल हो गए।

मेक्सिको न्यूज डेली के अनुसार, यह हादसा राजमार्ग 15डी पर माजातलान और कुलियाकैन के मध्य एलोटा नगर पालिका क्षेत्र के बोस्कोसो के पास हुआ। डबल डेकर बस नॉर्टे डी सिनालोआ कंपनी की है। बस ग्वाडलाजारा के जलिस्को से लॉस मोचिस (सिनालोआ) जा रही थी। दोनों वाहन देखते ही देखते जलकर राख हो गए। मरने वालों में सर्वाधिक लोग समुद्र तटीय शहर



लॉस मोचिस के बताए गए हैं। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, बस में 37 यात्री सवार थे। दोपहर तक मृतकों के नाम जारी नहीं किए गए। नेशनल गार्ड और अन्य सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया। राज्य अटॉर्नी जनरल कार्यालय ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। सिनालोआ के गवर्नर रूबेन रोचा मोया ने एक्स हैंडल पर दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# पाकिस्तान में पीटीआई की रैली में विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान के सिबी में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की चुनाव रैली के दौरान हुए बम विस्फोट में चार लोग मारे गए जबकि छह घायल हो गए। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

प्रमुख समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह बम विस्फोट मंगलवार को हुआ। सिबी में जिला मुख्यालय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बाबर ने हताहतों की




संख्या की पुष्टि की।

यह घटना आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से ठीक नौ दिन पहले हुई। सिबी के एसएचओ जकाउल्लाह गुज्जर के अनुसार, घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। अधिकतर की हालत गंभीर है। इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

पीटीआई ने कहा है कि बम विस्फोट पार्टी समर्थित उम्मीदवार सद्दाम तरीन की चुनावी रैली में हुआ। तरीन एनए-253 (जियारत) निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार हैं। मृतकों में तीन कार्यकर्ता शामिल हैं।

# चर्चित अमेरिकी अभिनेत्री चिता रिवेरा का 91 वर्ष की आयु में निधन

**न्यूयॉर्क।** चर्चित अमेरिकी अभिनेत्री और गायिका चिता रिवेरा का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह कुछ समय से बीमार थीं। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। चिता रिवेरा ने शिकागो और किस ऑफ द स्पाइडर वुमन और स्वीट चैरिटी जैसे ब्रॉडवे क्लासिक्स में टोनी पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने कला के क्षेत्र में कई पुरस्कार भी जीते।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, उनकी बेटी लिसा मोर्डेंटे ने एक बयान में उनकी मृत्यु की घोषणा की। उन्होंने बयान में इससे ज्यादा कोई अन्य विवरण नहीं दिया। चिता रिवेरा ने अपने अभिनय और गायन से लगभग छह दशकों तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उन्हें "वेस्ट साइड स्टोरी" में अनीता और "शिकागो" में वेलमा केली की



भूमिका के लिए याद किया जाता है। चिता रिवेरा ने न्यूयॉर्क और लंदन में कई बार स्टेज प्रस्तुति भी दी। कैबरे टूर पर 100,000 मील तक की यात्रा की। दर्जनों फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों में वह नजर आईं। रिवेरा को रिकॉर्ड 10 टोनी पुरस्कार नामांकन प्राप्त हुए और "द रिंक" और "द किस ऑफ द स्पाइडर वुमन" के लिए जीत हासिल की। "वेस्ट साइड स्टोरी" में प्रतिष्ठित किरदार से लेकर "बाय बाय बर्डी" में डिक वान डाइक के साथ सहयोग और बॉब फॉसे की "शिकागो" और "ऑल दैट जैज" जैसी उत्कृष्ट कृतियों में सिग्नेचर भूमिकाओं तक, रिवेरा ने थियेटर पर अमिट छाप छोड़ी। 2005 में पत्रिका न्यूजवीक ने उन्हें "अब तक की सबसे महान संगीत-थियेटर नर्तकी" की उपाधि प्रदान की थी।

# वेस्ट बैंक के अस्पताल पर इजराइली बल ने हमला कर तीन आतंकियों को किया ढेर

**यरुशलम।** इजराइली बल ने मंगलवार को वेस्ट बैंक में एक अस्पताल पर छापेमारी कर तीन फलस्तीनी आतंकियों को मार गिराया है। इजराइली बल के सैनिकों ने महिलाओं और चिकित्साकर्मियों के वेश में अस्पताल में घुसे जिससे अस्पतालकर्मी चौंक गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने हमले की निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इजराइली सेना पर दबाव डालकर अस्पतालों पर इस तरह के अभियानों को रोकने की अपील की है। कहा, बीते 24 घंटे में गाजा में 114 फलस्तीनी मारे गए हैं और 249 लोग घायल हुए हैं।

फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इजरायली बल ने वेस्ट बैंक के जेनिन टाउन में आइबीएन सिना अस्पताल परिसर में धावा बोल दिया। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि वहां पर कोई जवाबी कार्रवाई नहीं, इसका मतलब कि यह लक्षित हमला था।

वहीं, इजराइली सेना ने बिना साक्ष्य दिए अपनी कार्रवाई का बचाव करते हुए कि आतंकी अस्पताल को छिपने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। इजराइली बल ने बताया कि मारे गए आतंकियों में एक हमास सदस्य, दूसरा हमास के सहयोगी संगठन इस्लामिक जिहाद से जुड़ा था और तीसरा जेनिन का स्थानीय आतंकी था। दावा किया कि इनमें से एक हमला करने की योजना के तहत हथियार और गोला बारूद एकत्र करने में जुटा था।इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित अस्पताल के सुरक्षा कैमरे के फुटेज में लगभग एक दर्जन गुप्त बल के जवानों को दिखाया गया है, जिनमें से अधिकांश सशस्त्र थे। वे महिलाओं, व चिकित्साकर्मियों की वेशभूषा में थे। सर्जिकल मास्क पहने एक व्यक्ति के एक हाथ में राइफल और दूसरे हाथ में मुड़ी हुई व्हीलचेयर थी।इजरायल बल ने गाजा में बीते सप्ताह मारे गए दर्जनों फलस्तीनियों के शव फलस्तीनी प्राधिकरण को सौंप दिए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने तत्काल इसकी पुष्टि नहीं की है कि कितने शव सौंपे हैं। हालांकि, स्थानीय निवासियों ने यह संख्या करीब 100 बताई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि बीते साल सात अक्टूबर के बाद इजरायली हमले में अब तक 26,751 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 65,636 लोग घायल हैं।इजरायल, कतर, मिस्त्र और अमेरिका द्वारा बंधकों की रिहाई और स्थायी युद्ध विराम के प्रयास जारी हैं। हमास संघर्ष विराम समझौते के प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है। इस बीच, इजरायल में नेतन्याहू सरकार को उसके धुर दक्षिणपंथी सहयोगियों ने धमकी दी है कि अगर लापरवाही से कोई समझौता किया गया तो वह सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे।

# अमेरिका ने शुरू किया एच–1बी वीजा का नवीनीकरण

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एच-1बी विदेश कार्य वीजा का देश में नवीनीकरण करने के एक पायलट कार्यक्रम का औपचारिक रूप से शुरू किया है। इस कदम का हजारों भारतीय प्रौद्योगिकी पेशवरों को लाभ मिलने की संभावना है।

एच-1बी वीजा एक गैर-प्रवासी वीजा है जो अमेरिकी कंपनियों को विदेशी श्रमिकों को विशेष व्यवसायों में नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनके लिए सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को नियुक्त करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं।

वीजा नवीनीकरण का यह कार्यक्रम 29 जनवरी को शुरू किया गया और यह एक अप्रैल तक चलेगा। इससे एच-1बी वीजा धारकों को अपने वीजा के नवीनीकरण में मदद मिलेगी। इस संबंध में एक घोषणा पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आधिकारिक यात्रा के दौरान की गयी थी। यह करीब दो दशक में पहली बार है जब सीमित संख्या में एच-1बी गैर अप्रवासी वीजा धारक अमेरिका में ही अपने वीजा का नवीनीकरण करा सकेंगे।

# नेपाल ने 2023 में 209 चीनी नागरिकों को किया देश निकाला

**काठमांडू।** नेपाल के गृह मंत्रालय ने 2023 में 209 चीनी नागरिकों को देश से निष्कासित किया था। नेपाल के अध्यागमन विभाग के मुताबिक इन चीनी नागरिकों को वीजा समाप्त होने के बाद भी लम्बे समय से नेपाल में रहने, अवैध धंधों में शामिल होने, फर्जी पासपोर्ट, विदेशी मुद्रा के दुरुपयोग का आरोप में देश से निष्कासित किया गया था।

अध्यागमन विभाग की ओर जारी की सूची के मुताबिक निष्कासित किए गए चीनी नागरिकों में अधिकांश वीजा एक्सपायर होने के बाद भी महीनों तक रुकने वाले शामिल हैं। नेपाल के गृह मंत्रालय ने जानकारी दी है कि पिछले वर्ष 209 चीनी नागरिकों के अलावा विभिन्न देशों के 412 विदेशियों को भी अलग-अलग कारणों से निष्कासित किया गया है।

गृह मंत्रालय की सूची के मुताबिक ड्रग मामलों में 10 लोगों को, फर्जी पासपोर्ट में 5 लोगों को, विदेशी मुद्रा गबन में 10 लोगों को, विभिन्न जालसाजी गतिविधियों में शामिल 4 लोगों को, अपहरण में शामिल 1 व्यक्ति को, संगठित अपराध में 6 लोगों को निष्कासित किया गया है। इसी तरह बहुविवाह, यौन अपराधों में संलिप्त 5 चीनी नागरिकों को निष्कासित कर दिया गया है। इसके अलावा 150 से अधिक चीनी नागरिकों को वीजा समाप्ति के बाद भी अवैध रूप से रहने के कारण निष्कासन किया गया है।

गृह मंत्रालय की तरफ से बताया गया है कि चीनी नागरिकों के अलावा 37 अमेरिकी, बांग्लादेश और उज्बेकिस्तान से 19-19, ब्रिटेन से 18, श्रीलंका से 11 स्वीडन और पाकिस्तान से 10-10 नागरिकों को निष्कासित कर दिया गया है। इसी तरह अफगानिस्तान से 9, जर्मनी, दक्षिण कोरिया से 8-8 और कनाडा से 7 लोगों को निकाला है। ऐसे ही फ्रांस से 6 इटली, नाइजीरिया, रूस और यमन से भी 5/5 व ऑस्ट्रेलिया, ईरान और जापान से भी 4-4 लोगों को निष्कासित किया गया है।

# ऑस्ट्रेलिया में कोकीन निर्यात के लिए ब्रिटिश भारतीय दंपति दोषी, 601 करोड़ का ड्रग्स बरामद

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया में 57 मिलियन पाउंड (601 करोड़) मूल्य का आधा टन से अधिक कोकीन निर्यात करने के लिए ब्रिटिश-भारतीय मूल के दंपति का दोषी ठहराया गया है। जांच में पाया गया कि उन्होंने मादक पदार्थ को धातु के टूलबॉक्स में रखकर विमान से भेजा गया। सोमवार को साउथवार्क क्राउन कोर्ट में सुनवाई के बाद जूरी ने 59 वर्षीय आरती धीर और 35 वर्षीय कवलजीतसिंह रायजादा को निर्यात के 12 मामलों और मनी लॉन्ड्रिंग के 18 मामलों में दोषी ठहराया। पश्चिम लंदन के ईलिंग जिले के हैनवेल निवासी दंपति ने ऑस्ट्रेलिया को कोकीन निर्यात करने और मनी लॉन्ड्रिंग से इनकार करने वालों आज सजा सुनाई जाएगी। मई 2021 में सिडनी पहुंचने पर ऑस्ट्रेलियाई सीमा बल द्वारा कोकीन पकड़े जाने के बाद राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के जांचकताओं ने धीर और रायजादा की पहचान की थी।

ड्रग्स को यूके से एक वाणिज्यिक उड़ान के माध्यम से भेजा गया था और इसमें छह धातु टूलबॉक्स शामिल थे, जिन्हें खोलने पर 514 किलो कोकीन पाई गई। अधिकारियों को पता चला कि यह खेप धीर और रायजादा के पास थी, जिन्होंने ड्रग्स की तस्करी के एकमात्र उद्देश्य से विफ्लाई फ्रेट सर्विसेज नामक एक फ्रंट कंपनी की स्थापना की थी। एनसीए ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि दोनों प्रतिवादी जून 2015 में कंपनी के गठन के बाद से अलग-अलग समय पर कंपनी के निदेशक रहे हैं। जब्त की गई ड्रग्स वाले धातु टूलबॉक्स के प्लास्टिक रैपिंग पर रायजादा की उंगलियों के निशान पाए गए, जबकि 2855 पाउंड मूल्य के टूलबॉक्स के ऑर्डर की रसीदें दंपति के घर से मिलीं। एनसीए ने दावा किया कि जून 2019 से ऑस्ट्रेलिया को 37 खेप भेजी गई हैं, इनमें से 22 नकली रन थीं और 15 में कोकीन थी।

एनसीए के वरिष्ठ जांच अधिकारी पियर्स फिलिप्स ने कहा, आरती धीर और कवलजीतसिंह रायजादा ने यूके से ऑस्ट्रेलिया तक लाखों पाउंड मूल्य की कोकीन की तस्करी के लिए हवाई माल ढुलाई उद्योग के अपने अंदरूनी ज्ञान का इस्तेमाल किया, जहां उन्हें पता था कि वे अपने राजस्व को अधिकतम कर सकते हैं।

**अखंड भारत संदेश**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# इजराइल-हमास युद्धविराम समझौता अगले सप्ताह तक संभावित

**तेल अवीव।** बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध पर आगामी सप्ताह तक युद्धविराम होने की संभावना है।

इजराइल रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, उच्च स्तर पर चर्चा चल रही है और हमास की हिरासत से महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार इजराइली बंधकों के एक बैच की रिहाई के लिए संघर्ष विराम जल्द ही शुरू होगा। जबकि हमास युद्धविराम के अगले दौर के लिए इजराइल रक्षा बलों (आईडीएफ) की पूर्ण वापसी पर जोर दे रहा है, इजराइल इससे पूरी तरह पीछे हट गया है।

कतर, मिस्त्र और अमेरिका के आदेश पर दोहा, काहिरा और पेरिस में हुई कई दौर की मध्यस्थता वार्ता के नतीजे निकलते दिख रहे हैं।

इजराइल रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि इजराइली पक्ष हमास की हिरासत में बंधकों के बदले में इजराइल में गिरफ्तार और जेल में बंद बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों की रिहाई पर सहमत हो गया है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार हमास की हिरासत में महिलाओं, बीमार और बुजुर्ग नागरिकों की रिहाई के बाद बंधकों के दूसरे बैच को भी रिहा किया जाएगा, इसमें हमास की हिरासत में महिला इजरायली सैनिक भी शामिल हैं।

सीआईए प्रमुख विलियम बर्न्स और मोसाद प्रमुख डेविड बर्निया भी पेरिस में हाल ही में हुई मध्यस्थता वार्ता में मौजूद थे और उन्होंने कतर व मिस्त्र के मध्यस्थों के साथ अपनी बातचीत के दौरान युद्धविराम से संबंधित कुछ मुद्दों को सुलझा लिया है।

# काबुल में क्षेत्रीय सम्मेलन में भारत समेत 10 देश हुए शामिल

भारत समेत लगभग 10 देशों ने सोमवार को काबुल में तालिबान द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भाग लिया.

अफगान मीडिया के मुताबिक भारत उन 10 देशों में शामिल था, जिन्होंने क्षेत्रीय सहयोग के व्यापक उद्देश्य के साथ सोमवार को काबुल में तालिबान द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में भाग लिया. भारत ने अभी तक तालिबान की स्थापना को मान्यता नहीं दी है और काबुल में एक समावेशी सरकार के गठन की वकालत कर रहा है. विदेश मंत्रालय की ओर से बैठक पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया. भारत की तरफ से इस बैठक में दो प्रतिनिधि शामिल हुए.

अफगानिस्तान की समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने बताया कि इस सम्मेलन में भाग लेने वाले देशों में भारत, कजाख्स्तान, तुर्की, रूस, चीन, ईरान, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, इंडोनेशिया और किर्गिस्तान शामिल थे. सम्मेलन में रूस का प्रतिनिधित्व अफगानिस्तान के लिए उसके विशेष प्रतिनिधि जमीर काबुलोव ने किया.

"क्षेत्रीय सहयोग पहल" बैठक को तालिबान शासन के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने संबोधित किया. तालिबान के विदेश मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन देशों को अफगानिस्तान के साथ सकारात्मक बातचीत बढ़ाने और जारी रखने के लिए क्षेत्रीय बातचीत करनी चाहिए.

उन्होंने तालिबानी सरकार पर लगी पाबंदियों को हटाने की भी मांग की. 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद भारत समेत कई देशों ने अफगानिस्तान से सभी कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए थे.

तालिबान विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता हाफिज जिया अहमद ने बैठक में शामिल हुए भारतीय प्रतिनिधि के हवाले से कहा कि भारत अफगानिस्तान में स्थिरता लाने को लेकर होने वाली सभी पहलों का समर्थन करता है. अहमद एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय प्रतिनिधियों के हवाले से लिखा, "भारत अफगानिस्तान से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय पहलों में सक्रिय रूप से भाग लेता है और अफगानिस्तान की स्थिरता और विकास के लिए के लिए हर प्रयास का समर्थन करता है."